**आज का मौसम**
हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

23.2° अधिकतम तापमान | 16.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 29 | सूर्यास्त 06 : 12

हैलो डाक्टर
आँखो से सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!
आँखो से धुँधला दिखना, आँखो से पानी आना, आँखो का लाल हो जाना, आँखों में खुजली होना एवं आँखो में दर्द बने रहना जैसी समस्याओं के हल के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के नेत्र रोग विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रूचि प्रिया से करें सवाल।

दिनांक 04 मार्च दिन सोमवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805718

# अपहर्ताओं से मुठभेड़, फूलबाग से अगवा दो साल का कार्तिक बरामद

## बहन की खाली गोद भरने के लिए भाई ने दोस्त के साथ मिलकर दिया था वारदात को अंजाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** फीलखाना थानाक्षेत्र के फूलबाग चौराहे के पास से 24 फरवरी को सरेशाम दो वर्षीय कार्तिक का अपहरण करने वाले बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गोली मारकर दबोचने के बाद उनके चंगुल से बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया। पता चला कि एक अपहर्ता ने अपनी बहन की गोद सूनी होने के कारण ससुराल में मिलने वाले तानों से परेशान होकर दोस्त के साथ मिलकर बच्चे को अगवा करके बहन को बेचने की योजना बनाई थी। शनिवार देर रात अपहर्ता अगवा कार्तिक को बहन के पास पहुंचाने निकले थे। इसी दौरान पुलिस ने सूचना पाकर फीलखाना थानाक्षेत्र के भगवत दास घाट पर घेराबंदी की, जहां बदमाशों से हुई मुठभेड़ के बाद बच्चे को छुड़ा लिया गया।

पुलिस के अनुसार भगवतदास पर घेराबंदी के दौरान शनिवार देर रात तीन बजे बाइक पर दो बदमाश आते दिखे उनके साथ बच्चा भी था। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने बच्चे को छोड़ दिया और फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी मोर्चा संभाला। क्रॉस फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया।


अपहरणकर्ता रज्जन। अमृत विचार।


अपहरणकर्ता पंकज। अमृत विचार।



अपहृत कार्तिक को मां को सौंपती महिला पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

- दोनों बदमाशों के पैर में लगी गोली, छोटी बहन भी साजिश में शामिल तीनों हुए गिरफ्तार
- शादी के 18 साल बाद भी नहीं हुई थी बहन को संतान, उसे बच्चा बेचने की बनाई थी योजना
- 60 पुलिसकर्मियों को इस घटना के खुलासे के लिए पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने लगाया था


कार्तिक की बरामदगी के बाद खुशी मनाते बच्चे और परिवार के लोग। अमृत विचार

### 600 सीसीटीवी फुटेज खंगाले, अब देख रहे आपराधिक इतिहास

रविवार सुबह पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव और एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह ने बताया कि 24 फरवरी को फूलबाग फलमंडी से दो वर्षीय बच्चे कार्तिक के अपहरण का खुलासा करने के लिए क्राइम ब्रांच समेत चार टीमें गठित की गई थीं। करीब 600 सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो अपहरणकर्ताओं का सुराग मिला। इसके बाद भगवतदास घाट के पास अपहर्ताओं को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में एक ने अपना नाम किदवई नगर निवासी रज्जन और दूसरे ने बाबूपुरवा निवासी पंकज गुप्ता बताया। पुलिस दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

#### जूही चौराहे की सीसीटीवी फुटेज से मिला बदमाशों का सुराग

- डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि अपहरण कांड के खुलासे में पुलिस को नौ दिन समय लगा। क्राइम ब्रांच और डीसीपी पूर्वी दोनों की टीम से करीब 60 पुलिसकर्मियों को जांच में लगाया गया था। पुलिस ने घटना स्थल से लेकर बच्चों को बरामदगी तक 600 सीसीटीवी फुटेज खंगाले तब जाकर जूही चौराहे पर एक सीसीटीवी फुटेज में बच्चे को ले जाते हुए देखा गया। इस फुटेज से आरोपियों का बाइक नंबर मिला। पुलिस ने बाइक ट्रेस की तो वह रामभजन की निकली। रामभजन को ट्रेस करने पर रज्जन का पता चला और पुलिस ने अपहरण की गुत्थी सुलझा ली।

#### रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर की रैकी

- अपहर्ताओं ने बताया कि उन्होंने 24 फरवरी को पहले सेन्ट्रल स्टेशन पर रैकी की लेकिन वहां कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद फूलबाग सब्जी मंडी बस स्टैण्ड के पास बाइक से एक बार रैकी करने के बाद दोबारा घूमकर देखा तो वहां कई बच्चे खेल रहे थे, इनमें एक छोटा बच्चा दिखा जिसके पास कोई बड़ा व्यक्ति नही था। इस पर उसे उठाकर बाइक से भाग निकले।

**24** फरवरी को सरेशाम दो वर्षीय कार्तिक का का हुआ था अपहरण

**04** टीमें क्राइम ब्रांच की गठित की गई थीं घटना की जांच के लिए

#### खुद को घिरता देखकर बच्चे को मारना चाहते थे अपहर्ता

- पूछताछ में दोनों बदमाशों ने बताया कि खुद को हर तरफ से घिरता देख रज्जन और पंकज भागने की फिराक में भगवतदास घाट की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मुठभेड़ हो गई। डीसीपी ने बताया कि मीडिया में कार्तिक के अपहरण का मामला गर्माने और पुलिस की सुरागकशी से परेशान दोनों अपहर्ता बच्चे को ठिकाने लगने की योजना बना रहे थे। लेकिन इससे पहले पुलिस ने दबोच लिया।

#### पुलिस महानिदेशक से टीम को दो लाख रुपये पुरस्कार

- पुलिस महानिदेशक ने टीम को दो लाख रुपये पुरस्कार घोषित किया है। आरोपियों के पास से दो तमंचे, तीन कारतूस, एक बाइक, पांच मोबाइल फोन, 1250 रुपये नकद बरामद हुए हैं। अपहर्ताओं को गिरफ्तार करने वाली टीम में फीलखाना प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र प्रताप सिंह, सर्विलांस प्रभारी अंजनी कुमार पांडेय, स्वाट प्रभारी जनार्दन यादव शामिल रहे।

### शहर में आज



- **प्रतियोगिता :** महिला मोर्चा कानपुर उत्तर द्वारा नारी शक्ति वंदन दौड़ एम. जी कॉलेज में सुबह 11 बजे।
- **पुष्पांजलि :** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा चौधरी अजीत सिंह की जयंती पर पुष्पांजलि सुरभि हाउस बादशाहीनाका में दो बजे।
- **कार्यक्रम :** झंडा गीत के सौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा कार्यालय केशव नगर में कार्यक्रम दोपहर तीन बजे।

## पिता श्रम विभाग में कर्मी, बहन भी वारदात में रही शामिल

पूछताछ में सामने आया कि अपहर्ता रज्जन के पिता रामभजन श्रम विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। उनके दो बेटे हैं। बड़ी बेटी पूनम की शादी वर्ष 2006 में आजमगढ़ में हुई थी। पूनम के कोई संतान नहीं है। इसके चलते ससुराल के लोग उससे आए दिन मारपीट करते और ताना देते थे। पूनम ने अपने भाई रज्जन से कहा था कि उसे कोई बच्चा गोद मिल जाए तो वह मुंह मांगा पैसा देगी। रुपयों के लालच में आकर रज्जन ने अपने दोस्त पंकज गुप्ता के साथ किसी बच्चे के अपहरण करने की योजना तैयार की। इसी के तहत रज्जन और पंकज पैशन प्लस बाइक से बच्चे की तलाश कर रहे थे कि फूलबाग में उन्हें कार्तिक दिखाई पड़ गया। जिसका उन्होंने अपहरण कर लिया। पुलिस के अनुसार कार्तिक अपहरण के दौरान रो रहा था, इस पर दोनों ने उसे ले जाकर बहन नीतू उर्फ पुत्तन को दे दिया। पुलिस ने इस अपहरण कांड में रज्जन की बहन नीतू को भी आरोपी बनाया है।

## बहन को बताया साढ़े चार लाख में खरीदा, झूठा शपथ पत्र बनाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अपहर्ता रज्जन ने पुलिस को बताया कि उसने अगवा कार्तिक को ले जाकर बहन नीतू उर्फ पुत्तन को दे दिया। इसके बाद नीतू ने बड़ी बहन पूनम जिसके कोई बच्चा नहीं था, उसे यह कहकर दे दिया कि उन लोगों ने बच्चे को सीमा देवी जो फतेहपुर की रहने वाली है, उससे 4.5 लाख रुपये में खरीदा है। बहन को विश्वास दिलाने के लिये एक फर्जी शपथ पत्र सीमा देवी के नाम से बनाकर भी दिया। अपनी बड़ी बहन से आधा पैसा वह लोग ले चुके थे। इसलिए बच्चा अगवा किया।

**मां व दादी फफक पड़ीं, खुशीमें गले से लिपट गया कार्तिक:** पुलिस कर्मियों ने बताया कि जब उन्होंने कार्तिक को बरामद किया, वह बेहद गुमसुम था। कई बार बीच में रोने भी लगा लेकिन जैसे ही उसकी मां गुड्डा, दादी रानी और बड़ी बहनें वैष्णवी, पल्लवी सामने आईं खिलखिला कर हंसने लगा।

उसकी दादी और मां भावुकता में फफक-फफक कर रोने लगी। इस दौरान परिवार और इलाके के लोगों ने पुलिस जिंदाबाद के नारे लगाए। एसीपी कोतवाली ने बताया कि बच्चा जैसे ही मां की गोद में पहुंचा, खुश होकर लिपट गया।


भारतीय गैर न्यायिक
एक सौ रुपये
Rs. 100
रु. 100
ONE HUNDRED RUPEES
भारत INDIA
INDIA NON JUDICIAL

अपहर्ताओं से बरामद शपथ पत्र।

#### इस तरह हुआ था अपहरण

- उन्नाव के सफीपुर निवासी छोटू राजपूत 20 साल से फूलबाग फलमंडी के पास रहते हैं। वह शादी ब्याह में वेटर का काम करने के साथ सब्जी का ठेला लगाते हैं। परिवार में पत्नी गुड्डा, 12 साल की बेटी वैष्णवी, आठ साल की बेटी पल्लवी, छह साल का बेटा शिब्बू और दो साल का बेटा कार्तिक है। 24 फरवरी की शाम को कार्तिक बड़ी बहन वैष्णवी और भाई शिब्बू के साथ फुटपाथ पर खेल रहा था। शाम करीब 4 :40 बजे बाइक सवार दो बदमाश आए, पीछे बैठे बदमाश ने मास्क लगा रखा था। उसने कार्तिक को दुलारकर अपने पास बुलाया। बच्चे के पास आते ही उसे उठाकर बाइक पर बैठा लिया और उल्टी दिशा में एलआईसी बिल्डिंग की ओर लेकर भाग निकला।

### एक नजर

#### स्कूटी समेत दो वाहन चोर गिरफ्तार

**कानपुर।** नजीराबाद पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए कैमरों की मदद से दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप ने बताया 28 फरवरी को मो. इकराम की स्कूटी ईदगाह क्षेत्र के पास चोरी हो गई थी। जिसकी रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने फुटेज खंगाले तो दो संदिग्ध उसमें कैद हुए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान कन्नौज निवासी आकाश तिवारी और बांदा निवासी आकाश द्विवेदी के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चोरी की स्कूटी बरामद की गई है।

#### गैस सिलेंडर से लगी आग

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में लक्ष्मीरतन कॉलोनी नारायणपुरवा में एक घर में लीकेज गैस सिलेंडर में आग लग गई। परिजनों ने घटना की सूचना पर पुलिस और दमकल कर्मियों को दी। जिसके बाद मिनी कंट्रोल में सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एफएस फजलगंज से एक फायर यूनिट घटनास्थल पहुंची। दमकल कर्मियों ने सूझबूझ से आग को बुझा दिया।

## ट्रक की टक्कर से सेल्समैन की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फजलगंज थानाक्षेत्र में ई-रिक्शा से सेंटर से अखबार उठाने जा रहे सेल्समैन की हादसे में मौत हो गई। परिजनों ने जताया मौत पर अनहोनी का संदेह जताया वहीं पुलिस ने ट्रक से हादसा होने की बात कही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां पैनल से पोस्टमार्टम किया गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

लक्ष्मीपुरवा डिप्टी पड़ाव निवासी 48 वर्षीय सतीश चंद्र वर्मा एक अखबार कार्यालय में सेल्समैन के पद पर कार्यरत थे। बेटे यशराज वर्मा ने बताया कि रोज की तरह वह रविवार तड़के साढ़े चार बजे ई-रिक्शा से रावतपुर से अखबार के बंडल उठाने जा रहे थे। लेकिन




- परिजनों ने मौत पर अनहोनी का संदेह जताया
- पैनल से किया गया पोस्टमार्टम, मचा कोहराम

फजलगंज में गुमटी गुरुद्वारे के पास डिवाइडर किनारे उनका शव पड़ा मिला वहीं उनका रिक्शा किनारे खड़ा था। बेटे ने बताया कि रावतपुर न पहुंचने पर उन लोगों ने घर पर उनकी जानकारी ली। जिस पर उन लोगों ने सुबह ही निकल जाने की बात कही।

बेटे ने बताया कि इसके बाद वह घर से रास्ते में उन्हें देखते हुए आया। जहां गुमटी के पास जीटी पर उनका शव पड़ा था। उसने अनहोनी की आशंका जताई। वहीं पुलिस ने ट्रक की टक्कर से मौत होने की बात कही। बेटे और अन्य परिजनों का आरोप था कि रिक्शे कहीं से टूटा नहीं था न ही पिता के हाथ पैर में खरोंच थी। उनके साथ कोई घटना हुई है। जिसके बाद पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के बाद पत्नी सुमन और बेटी अंतरा और रोमा का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं फजलगंज इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक कराए गए हैं। जहां ट्रक की टक्कर से व्यक्ति की मौत हुई है। मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## मोबाइल उठाते समय लोडर की टक्कर से मौत

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में रहने वाले बाइक सवार दो युवक शादी में उन्नाव के बांगरमऊ शादी में गए थे। जहां सड़क पर गिरे मोबाइल को उठाते समय तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरे का इलाज किया जा रहा है।

गोविंद नगर कच्ची बस्ती निवासी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि उनका बेटा 22 वर्षीय अमित उर्फ अमन अपने यहीं के रहने वाले दोस्त दीपक के साथ शनिवार रात बांगरमऊ स्थित काली मिट्टी शादी में गए थे। जहां बात करते अमित का फोन सड़क पर गिर गया था।

## शहर के वैभव गुप्ता ने जीता इंडियन आइडल का खिताब, मिली बधाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के नानकारी निवासी युवा सिंगर वैभव गुप्ता ने जजों और दर्शकों का दिल जीतकर इंडियन आइडल सीजन -14 की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। वैभव के नाम की घोषणा के साथ इंडियन आइडल के इस सीजन का सफर पूरा हुआ। उनकी सफलता पर शहर के युवा खुशी से झूम उठे।

इंडियन आइडल की ट्रॉफी के साथ वैभव को 25 लाख रुपये का चेक दिया किया गया। मारुति की चमचमाती ब्रेजा भी उन्हें तोहफे में मिली है। वैभव ने बातचीत में बताया कि इंडियन आइडल -14 की ट्रॉफी जीतना मेरे लिए किसी



युवा सिंगर वैभव गुप्ता। अमृत विचार

सपने से कम नहीं है। मेरा ये सफर किसी रोलरकोस्टर से कम नहीं था। मैंने कभी नहीं सोचा था

- **वाह नानकारी के रहने वाले हैं वैभव गुप्ता, पुरस्कार में मिली 25 लाख रुपये की चेक**

कि मैं इस सफर में इतना आगे पहुंच सकता हूं। मैं उन सभी का आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मेरा मार्गदर्शन किया। मुझसे प्यार करने के लिए, मेरे लिए खूब वोट करने के लिए और मेरा उत्साहवर्धन करने के लिए सभी का धन्यवाद है। रविवार को हुए ग्रैंड फिनाले में जज कुमार सानू, श्रेया घोषाल और विशाल डडलानी के पैनल ने वैभव को विनर घोषित किया। शुरुआत से ही अपनी आवाज से वैभव ने करोड़ों दर्शकों का दिल जीत लिया था।

**आज से सुधरेगा मौसम** — तापमान में भी रहेगी अनिश्चितता, अब तेज धूप सता सकती है, आज बारिश थमने के आसार

## 22 मिमी बरसात के साथ शहर में गिरे ओले, कई जगह जलभराव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रविवार को शहर में बारिश के साथ कई इलाकों में ओले भी गिरे। पूरे दिन बादल छाए रहे। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से तमाम स्थानों पर जलभराव हो गया। मौसम विभाग ने सोमवार से मौसम में सुधार आने की संभावना जताई है।

शहर में सुबह से ही बारिश से लोग परेशान हुए। तेज बारिश के बीच ओले गिरने से लोगों में कौतुहल रहा। ओलावृष्टि से बचने के लिए वाहन सवार इधर-उधर भागते नजर आए। लोगो ने अपने वाहनों को रोककर दुर्घटना से बचाव किया। मौसम विभाग ने बारिश की मात्रा 22 मिलीमीटर दर्ज की। मौसम के बदले मिजाज से अधिकतर लोगों ने रविवार की छुट्टी घर में ही मनाई। गंगा बैराज, मोतीझील सहित अन्य


झमाझम हो रही बारिश। अमृत विचार

पिकनिक स्पॉट में काफी कम लोग नजर आए। बाजारों में भी ग्राहकों की कमी रही। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि सोमवार दोपहर से बारिश विराम लगने की संभावना है। बादलों की आवाज़ाही बनी रह सकती है।

### रपटते-फिसलते सेंट्रल स्टेशन पहुंचे यात्री

**कानपुर।** दो दिन से हो रही बारिश ने सेंट्रल स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को बेहाल कर दिया है। रविवार को यात्री रपटते व फिसलते किसी तरह स्टेशन पहुंचे। मेट्रो निर्माण के कारण स्टेशन परिसर में फैला मलबा और कीचड़ यात्रियों के लिए मुसीबत बना है। लगातार रुक-रुककर हुई बारिश से स्टेशन परिसर में कीचड़ फैल गया है। मेट्रो स्टेशन निर्माण के कारण मिट्टी बहकर सड़क पर फैल गई है। इससे कई यात्री जल्दबाजी में रपटकर गिर गए। तमाम यात्री बच्चों को कंधे पर या सामान सिर पर उठाकर आते-जाते नजर आए। स्टेशन पर निर्माण कार्य के कारण प्लेटफार्म एक और छह पर भी पानी टपकने से यात्री परेशान हुए। सुरंग में पानी जाने से भी यात्री फिसलते रहे। सुरंग में भरा पानी कर्मचारियों ने निकाला। सुतरखाना और सिटी साइट में सड़क पर पानी भरने के कारण यात्रियों को दिक्कत हुई। अटैची और ट्राली बैग कीचड़ से सन गए। तमाम यात्री सामान सिर पर लादकर किसी तरह स्टेशन पहुंचे। कई यात्री रपटकर गिरे और उनके कपड़े खराब हो गए।

- मेट्रो निर्माण के कारण स्टेशन परिसर में मलबा और कीचड़ बना मुसीबत
- अटैची और बैग कीचड़ से हुए सराबोर, सिर पर सामान लादकर निकले


स्टेशन के बाहर कीचड़ से सनी सड़क। अमृत विचार

## इटली के नागरिक का बिठूर से मोबाइल चोरी, तहरीर दी

बिठूर संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिठूर थानाक्षेत्र में परियर पुल के पास घाट पर घूम रहे इटली के चुरीना शहर के रहने वाले 56 वर्षीय डेनियल वेला का मोबाइल गुम हो गया। वह काफी देर तक मोबाइल खोजते रहे। लेकिन कुछ नहीं पता चला। इसके बाद डेनियल ने बिठूर पुलिस को तहरीर देकर मोबाइल की गुमशुदगी दर्ज कराई है। परिवार और नाते रिश्तेदारों से संपर्क टूट जाने पर डेनियल एक दुकान में बैठकर रोते रहे।


घटना की जानकारी देते डेनियल। अमृत विचार

डेनियल ने पुलिस को बताया वह इटली की एक टूरिस्ट कंपनी में काम करते हैं। एक महीने पहले एक साल के ई टूरिस्ट वीजा पर भारत के कई शहरों के भ्रमण पर आए थे। एक महीने पहले चौबेपुर से मंधना के बीच उनकी कार का एक दूसरी कार एक्सीडेंट हुआ था जिसमें उनके हाथ पैर में चोट आ गई थी।

इलाज के लिए वह रामा हॉस्पिटल गए थे। जब डॉक्टर से कहा करीब एक महीने तक फिजियोथेरेपी करानी होगी तो उन्होंने मंधना के एक होटल में कमरा लेकर रहने लगे और रोज हॉस्पिटल जाकर फिजियोथेरेपी करवाते थे। रविवार दोपहर दो बजे वह बिठूर परियर पुल के पास कैमरे से तस्वीरे खींच रहे तभी उनका मोबाइल गुम हो गया। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया मोबाइल चोरी का मुकदमा दर्ज कर टीम से दिखवाया जा रहा है।

## एक नजर

### 25 तक खुला रहेगा बाजार

**कानपुर।** होली और महाशिवरात्रि पर्व पर गोविंदनगर बाजार में 25 मार्च तक मंगलवार को होने वाली साप्ताहिक बंदी नहीं रहेगी। कारोबारी महेश सोनी ने बताया कि बाजार की साप्ताहिक बंदी मंगलवार को होती है। आठ मार्च को शिवरात्रि और 25 मार्च को होली है। 5, 12 और 19 मार्च मंगलवार को गोविंदनगर बाजार खुला रहेगा।

### राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत

**कानपुर।** रावतपुर निवासी वरूण यादव को समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. फहद ने प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव घोषित किया है। राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद पहली बार कानपुर आगमन पर गंगा बैराज में हजारों कार्यकर्ताओं उनका जोरदार स्वागत किया। विधायक अमिताभ बाजपेई, जिलाध्यक्ष फजल महमूद, पूर्व विधायक मुनीन्द्र शुक्ला रहे।

# होटल मैनेजर ने महिला कर्मचारी से किया रेप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोविंद नगर थाने में पीड़िता ने दर्ज कराया मुकदमा
- कर्मचारी का आरोप, करता था अश्लील हरकतें

**अमृत विचार।** गोविंद नगर स्थित होटल में कमरा साफ कराने के बहाने होटल मैनेजर ने महिला कर्मचारी के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी मैनेजर ने नौकरी से निकालने की धमकी दी। पीड़िता ने गोविंद नगर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

किदवई नगर थानाक्षेत्र निवासी युवती ने बताया कि वह गोविंद नगर स्थित होटल रॉयल गैलेक्सी में काम करती है। पीड़िता ने बताया कि होटल मैनेजर विशाल वर्मा आए दिन उससे अश्लील हरकतें करते थे, नौकरी के कारण वह विशाल की बातें नजरअंदाज करती रही। बीते शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे मैनेजर विशाल ने कमरा साफ करने को कहा। आरोप है कि कमरा साफ करने के दौरान विशाल ने युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत गोविंद नगर पुलिस से की।

# ...मगर क्या बात है बाबा, गजब के आज लगते हो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- श्री लखदातार परिवार की ओर से मनाया गया प्रभु श्री श्याम महोत्सव
- फूल बंगला से माहौल हुआ भव्य, भजनों पर झूमे भक्त


सजाई गई प्रभु की झांकी। अमृत विचार


भजन सुनाते गायक कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री लखदातार परिवार ने रविवार को प्रभु श्री श्याम महोत्सव आयोजित किया। महोत्सव में प्रभु को फूलों के बंगले में विराजमान कर माहौल भव्य किया गया। राजस्थान से आए भजन गायकों ने बाबा के भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को निहाल कर दिया।

नयागंज स्थित कोठारी गुजरात भवन में हुए कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। बेले के फूलों से सजे भवन में बगिया के बीच विराजमान खाटू वाले बाबा का दरबार भक्तों को मोहित करता रहा। समारोह में खाटू श्यामजी, श्री बिहारी जी, रामलला, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन को विराजमान कर भक्तों ने जयकारे भी लगाए। कार्यक्रम में जयपुर राजस्थान के भजन गायक संजय पारिक ने माहौल को श्याम रंग में रंग दिया। 'हज़ारों बार देखा है हज़ारों बार सजते हो, मगर क्या बात है, बाबा गजब के आज लगते हो।' भजन गायक श्याम गोयनका ने 'पानी है सिर से ऊपर मुसीबत अड़ गई है, आज हमको बाबा तुम्हारी जरूरत पड़ गई है' सुनाया। गायक राम पांडेय ने 'भटके क्यूं दर बदर कर भरोसा श्याम पर जिसने भी दिल से पुकारा हर मसीबत से उबारा' व गोपाल अग्रवाल 'श्याम बाबा का श्रृंगार मन भावे खाटू वाले का दरबार मन भावे' जैसे भजनों से उत्साह भर दिया। भक्तों पर हुई इत्र वर्षा व गजरा उत्सव में 'गजरों लायो जी सांवरिया, गजरों करो म्हारे स्वीकार' जैसे भजनों के बीच गजरा अर्पित किया गया। कार्यक्रम में शिवम ओमर, उज्जवल गुप्ता, प्रखर ओमर, आकाश ओमर, गोपाल अग्रवाल रहे।

# हर्बल रोड बनेगा मंधना- शुक्लागंज मार्ग

## मंधना से आजाद चौराहा शुक्लागंज तक लगाए जाएंगे नीम, ढिठोर व अन्य औषधीय गुण वाले पौधे

एक्सक्लूसिव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लोनिवि को शासन ने दिए औषधीय पौधे लगाने का लक्ष्य

> जो भी मार्ग चौड़े हो रहे हैं उनके किनारे औषधीय पौधे रोपे जाएं इसके लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से बात करेंगे। इससे वातावरण भी शुद्ध होगा और जरूरत पर उन्हें उपयोग में भी लाया जा सकेगा।
>
> – देवेंद्र सिंह भोले, सांसद


निर्माणाधीन मंधना– शुक्लागंज स्टेट हाईवे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंधना-गंगा बैराज-शुक्लागंज बंधा मार्ग को हर्बल रोड के रूप में जाना जाएगा। इसके किनारे औषधीय पौधे रोपे जाएंगे। शासन ने लोक निर्माण विभाग को इस मार्ग के दोनों किनारों पर औषधीय रोपने के लिए कहा है। यह मार्ग फोर लेन बनाया जा रहा है। चौड़ीकरण के दौरान दो हजार से अधिक नीम व अन्य औषधीय गुण वाले पौधे काटे जा रहे हैं, लेकिन चौड़ीकरण होते ही नीम, महुआ व अन्य औषधियों के पौधे रोप दिए जाएंगे।

92.92 करोड़ रुपये से इस मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। अभी यह मार्ग दो लेन है और अब यह फोर लेन हो जाएगा। इसके बाद इस पर आवागमन का बोझ भी बढ़ेगा। इसके किनारे पर कई हाउसिंग सोसाइटियां विकसित की जा रही हैं। साथ ही उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से बैराज के पास ही उन्नाव जिले की सीमा में औद्योगिक सिटी ट्रांसगंगा की स्थापना की जा रही है। इस सिटी में बहुत ही तेजी से औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की उम्मीद बढ़ी है। ऐसे में इस मार्ग का चौड़ा होना बहुत ही जरूरी थी। यही वजह है कि इससे स्टेट हाईवे का दर्जा देने के साथ ही चौड़ीकरण के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। अब इसे हर्बल मार्ग के रूप में पुनः विकसित किया जाएगा। तीन साल पहले इस मार्ग के किनारे बड़े पैमाने पर हर्बल पौधे रोपे गए थे। तब इसे हर्बल मार्ग का नाम नहीं दिया गया था, लेकिन अब इसे हर्बल मार्ग के रूप में ही जाना जाएगा, क्योंकि मंधना और शुक्लागंज आजाद चौराहा तक पौधे रोपे जाएंगे और दोनों छोर पर ही हर्बल मार्ग के बोर्ड लगेंगे। पूर्व में जब पौधे लगाए गए थे तब इसे सामाजिक संस्था परिवर्तन ने गोद लिया था, लेकिन इस बार विभाग खुद ही पौधे लगवाएगा। यदि देखभाल के लिए कोई संस्था गोद लेना चाहेगी तो उसे दिया जाएगा। पौधों के औषधीय गुण क्या हैं इसके बारे में लोग जान सकें इसका भी प्रबंध किया जाएगा।

# हाईवे फ्लाईओवर पर तैयार हुई रिटेनिंग वाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 12 मीटर लंबे, पांच मीटर ऊंचे और 30 मीटर चौड़ा सिक्सलेन बनेगा फ्लाईओवर

**अमृत विचार।** चकेरी-इटावा हाईवे पर सचेंडी के आबादी क्षेत्र में आए दिन जाम की समस्या व हादसों से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवर में दो-दो फिट की रिटेनिंग वॉल तैयार हो चुकी है। फ्लाईओवर में मिट्टी भराई का होने के बाद समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। अगले सप्ताह से फ्लाईओवर की स्लैब बनेगी।

सचेंडी में हाईवे पार करने के दौरान भारी वाहनों के सामने अचानक दोपहिया और चार पहिया वाहन आने से हादसे होते हैं। भारी वाहनों के सामने दोपहिया वाहन आने से उनकी रफ्तार भी थम जाती है, जिस कारण हाईवे पर लोगों को जाम की समस्या का समाना करना पड़ता है। समस्या से निजात दिलाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सचेंडी में हाईवे पर फ्लाईओवर का निर्माण करा रहा है, जो जाम से राहत व हादसों पर रोक लगाएगा। एनएचएआई ने सचेंडी में 12 मीटर लंबे, पांच मीटर ऊंचे और 30 मीटर चौड़ा सिक्स लेन फ्लाईओवर का निर्माण कर रहा है। निर्माण में नौ माह का समय लगेगा। एनएचएआई अधिकारी अर्जुन ढांगे ने बताया कि सचेंडी फ्लाईओवर में दोनो ओर दो-दो फिट की रिटेनिंग वाल तैयार हो चुकी है। इसके साथ ही मिट्टी भराई के बाद समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके बाद एक बार दोबारा मिट्टी भराई का काम कर समतलीकरण किया जाएगा। बताया कि इसके साथ ही फ्लाईओवर पर स्लैब डालने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। स्लैब के शटरिंग व सरियों का जाल तैयार कर लिया गया है। अगले सप्ताह से स्लैब डालने का काम शुरू किया जाएगा।

# पहली पत्नी ने घर में घुस कर महिला की काटी कलाई, रिपोर्ट

**कानपुर।** बर्रा छह निवासी महिला के घर में घुस कर पति की पहली पत्नी व उसके भाई ने उसके साथ मारपीट की। विरोध करने पर चाकू से कलाई काट दी। पड़ोसियों ने पीड़िता को अस्पताल पहुंचा कर पुलिस को सूचना दी। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

बर्रा छह निवासी पूजा अरोड़ा ने बताया कि फेसबुक के माध्यम से उनकी दोस्ती अभय सिंह विश्वकर्मा से हुई थी, जिसके बाद उन्होंने शादी की थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात वह घर में अकेली थी। इसी दौरान अभय की पहली पत्नी रेखा वर्मा अपने भाई के साथ आई और उनके साथ मारपीट करने लगी। विरोध करने पर रसोईघर से चाकू लेकर उनकी कलाई काट दी। जिस पर वह बेहोश हो गईं, इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने घटना की जानकारी पुलिस को देकर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता ने पति पर पहली पत्नी के साथ मिलकर हमला किया।

# कमरे में जला मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेनपश्चिम पारा थाना पुलिस ने हादसा बताया
- परिजनों ने अनहोनी की तरफ किया इशारा

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में एक युवक का जला पड़ा शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक ने मामले की जांच की। युवक प्लॉट की देखरेख करता था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जिला हमीरपुर के थाना भरुआ सुमेरपुर के बिरखेरा गांव निवासी 37 वर्षीय बृजेश कुमार उर्फ बब्बू पिछले दस बारह महीने से सेन पश्चिम पारा में किसी की प्लाटिंग की देखरेख करते थे। परिजनों ने बताया कि वह वहीं पर कमरे में ही अकेले रहते थे। परिजनों ने बताया कि शनिवार को कमरे में तेज धुआं निकलता देखा तो आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों को शक हुआ। जिसके बाद वह लोग दौड़ के मौके पर पहुंचे तो कुछ शंका हुई। किसी तरह मशक्कत कर दरवाजा खोला तो उनका का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। उन लोगों ने पुलिस को बताया कि अंदर शव धू-धूकर जल रहा था। पूरा बिस्तर और आसपास रखे सामने में आग लगी थी। पूरे कमरे में धुआं भरा था। घटना से घबराकर उन लोगों ने प्लाटिंग का काम कर रहे लोगों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया। वह लोग आनन-फानन शहर आने के लिए निकल पड़े। बुआ के बेटे संतराम ने बताया कि वह मौके पर पहुंचे तब तक बृजेश चेहरा और सीना छोड़कर पूरा जल चुका था और उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद इलाके में लोगों की भीड़ लग गई। फोरेंसिक टीम और पुलिस ने घटना के साक्ष्य जुटाए और इसे हादसा बताया। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जलने से मौत की पुष्टि हुई है। परिजनों ने बताया कि वह तीन भाइयों लवकेश, अवधेश में सबसे छोटा था। मां की पहले निधन हो चुका है। सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्यता जांच में हादसा लग रहा है। शराब का सेवन करता था।

# कल्याणी महिला सशक्तिकरण विंग की शुरुआत

**कानपुर।** मुस्कुराए कानपुर की ओर से रविवार को कल्याणी महिला सशक्तिकरण विंग की शुरुआत हुई। कल्याणी प्रोजेक्ट लीडर दीपिका श्रीवास्तव ने बताया कि कल्याणी के अंतर्गत महिलाओं की ओर से महिलाओं के लिए 9 प्रोजेक्ट्स पर कार्य किया जाएगा। इनमें मुख्य रूप से आत्मनिर्भर परामर्श एवं प्रशिक्षण, महिला सहायता केंद्र, महिला स्वास्थ्य परामर्श युवा परामर्श, साड़ी बैंक, महिला उद्यमी ऑनलाइन मंच, मुस्कुराए उपहार बैंक, सांस्कृतिक मंच व कल्याणी बाजार शामिल है। अध्यक्ष डॉ. शालिनी मोहन, महासचिव डॉ कामायनी शर्मा, दीपिका श्रीवास्तव, डॉ कविता अरोरा मौजूद रहीं।

# मां के अवैध संबंधों में हुई थी बेटी की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपु


हत्यारोपी कमल मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। किशोरी की जहर देकर हत्या की गई थी। हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि किशोरी ने अपनी मां का किराएदार प्रेमी के साथ अश्लील वीडियो बना लिया था। अवैध संबंधों का खुलासा होने के डर से प्रेमी ने दवा की जगह जहर किशोरी की हत्या कर दी थी।

रविवार को इस मामले का खुलासा करते हुए डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि विजय नगर निवासी एक महिला ने 19 फरवरी को काकादेव थाने में हत्या की एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें मुख्य आरोपी भोगांव, मैनपुरी निवासी किराएदार कमल मिश्रा समेत छह लोगों को एफआईआर में नामजद किया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो सामने आया कि कमल मिश्रा के मृतक किशोरी की मां से किराए पर रहने के दौरान अवैध संबंध हो गए थे। बेटी ने अपनी मां और किराएदार कमल का अश्लील वीडियो बना लिया था। बात खुलने के डर से 16 फरवरी को कमल मिश्रा ने किशोरी की तबियत खराब होने पर उसे दवा का झांसा देकर पानी में जहर मिलाकर पिला दिया था। इसके बाद किशोरी की हालत बिगड़ी और मौत हो गई। मां ने ही इस मामले में तहरीर देकर अपने प्रेमी कमल मिश्रा समेत अन्य के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। डीसीपी ने बताया कि किशोरी की मौत का शायद कभी खुलासा नहीं होता, कि आखिर उसे जहर देकर मारा गया या फिर उसने खुद जहर खा लिया। लेकिन बेटी की मौत के बाद परिजन अंतिम संस्कार करके घर पहुंचे थे।

### पुलिस कार्यालय में हंगामें के बाद दर्ज हुई थी रिपोर्ट

महिला का आरोप था कि बेटी की हत्या के मामले को भी थाना पुलिस में कोई सुनवाई नहीं हुई थी। जिसके बाद पुलिस कमिश्नर ऑफिस में एफआईआर दर्ज कराने के लिए हंगामा किया था। तब जाकर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की फटकार के बाद हरकत में आई पुलिस ने आनन फानन में कमल मिश्रा, रामकेवल गुप्ता, ओरीलाल गुप्ता, संजय गुप्ता, टीटू गुप्ता, हरिश्चंद्र गुप्ता और ईश्चर चंद्र शर्मा पर एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस की जांच में सामने आया था कि पिंकी भी इसी मकान में रहती थी। कैंसर के कारण उसका निधन हो गया। जिसके बाद उसके पति कमल मिश्रा का आना जाना शुरू हो गया और धीरे-धीरे किशोरी की मां से नजदीकी बढ़ गई थीं।

# शादी से इंकार करने पर प्रेमी ने लगा ली फांसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंद नगर कच्ची बस्ती निवासी डी फार्मा के छात्र ने प्रेमिका के शादी से इंकार करने के पर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। खाना लेकर पहुंचे युवक ने शव फंदे से लटकता देख पुलिस व परिजनों को घटना की जानकारी दी। आत्महत्या से पहले मृतक ने अपना फेसबुक व इंस्टाग्राम एकाउंट डिलीट कर दिया।

### युवती को कोई दोष न देना

सुमित ने बताया कि रविवार दोपहर रिश्तेदार की मौत पर कोलकाता में पूजन का कार्यक्रम चल रहा था। आकाश परिजनों को वीडियो कॉल कर उसके साथ पूजन कार्यक्रम देख रहा था। इसके बाद वह पहुंचा तो आकाश ने बताया कि मैं बहुत परेशान हूं, लेकिन इसमें युवती का कोई दोष नहीं है। इसके बाद कमरे जाकर आकाश ने आत्महत्या कर ली।


आशुतोष।

मूलरूप से कोलकाता निवासी आशुतोष मंडल का गोविंद नगर कच्ची बस्ती में घर के ग्राउंड फ्लोर में बंगाली क्लीनिक है। आशुतोष यहां पर बड़े बेटे आकाश मंडल व क्लीनिक में काम करने वाले कंपाउंडर सुमित हलदर के साथ रहते थे, जबकि पत्नी अनन्या मंडल व छोटा बेटा अर्गव ज्योति मंडल कोलकाता में रहते है। सुमित ने बताया कि कोलकाता से ग्रेजुएशन की पढ़ाई के बाद आकाश रामा डेंटल कॉलेज से डी फार्मा की पढ़ाई कर रहा था। आकाश के घर के पास ही रहने वाली युवती से कई सालों से प्रेम संबंध थे। आकाश प्रेमिका से शादी करना चाहता था, लेकिन युवती ने इंकार कर दिया था। जिस कारण वह परेशान रहता था। जिसके बाद वह कोलकाता चला गया था। बीते 12 दिन पूर्व ही आकाश लौट कर आया था। जिसके बाद से वह लगातार तनाव में चल रहा था। सुमित ने बताया कि कुछ दिन पूर्व आकाश के रिश्तेदार की मौत हो गई थी, जिनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आशुतोष गए हुए थे। रविवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे आकाश ने आत्महत्या कर ली। गोविंद नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

# स्कूल संचालिका और नाती पर चाकू से हमला

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में दुस्साहसिक घटना सामने आई है। एक प्राइवेट स्कूल में तीन बदमाश घुस गए। वह स्कूल के रजिस्टर के पन्ने पलट रहे थे। स्कूल संचालिका ने काम पूछा और इस हरकत का विरोध किया। इस पर बदमाशों ने चाकू से संचालिका और उसके नाती पर हमला कर दिया और फोन लूटकर धमकाते हुए भाग निकले। चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हरजेंद्र नगर रामगली निवासी महिला हेमलता जोशी एक निजी स्कूल की प्रबंधक है। शनिवार की शाम को तीन अज्ञात बदमाश स्कूल में आए। वजह पूछने पर फीस जमा करने का बहाना कर ऑफिस खुलवाया।

आरोपी जबरन गलत बच्चे का नाम बताकर रजिस्टर चेक करने लगे। शक होने पर पीड़िता व उनके नाती हर्षित जोशी ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर दोनों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोगों नीचे उत्तर कर आये, इस पर आरोपी हर्पित का मोबाइल लूट कर मौके से फरार हो गये।


## कार्यालय ग्राम पंचायत जमखुरी विकासखण्ड–गोहांड (हमीरपुर)

पत्रांक–/ विज्ञप्ति /2023–24 दिनांक 29–02–2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग– ग्रामीण अभियंत्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/ 15वां वित्त आयोग / मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमखुरी में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किए जाते है। जो दिनांक 09/03/24 को अपराह्व 03: 00 बजे तक ग्राम पंचायत जमखुरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपराह्व 03:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 29/02/2024 से 09/03/2024 कार्यालय में प्राप्त किए जाएंगे। बिना कारण बताये किसी भी निविदा/कुटेशन को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत | निविदा का मूल्य+ टीटी | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मनरेगा | किशोरी के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 1.81 लाख रु0 | 225+41 रु0 | 3 माह |
| 02 | मनरेगा | चेतराम के खलिहान से अर्जुन के खलिहान तक रोक दीवार निर्माण कार्य | 7.329 लाख रु0 | 500+90 रु0 | 3 माह |

**अन्य शर्ते**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगी।
3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।
6. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एस0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा कि स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जाएगी।
7. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

**प्रधान**
ग्राम पंचायत जमखुरी
विकासखण्ड गोहांड (हमीरपुर)

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत जमखुरी
विकासखण्ड गोहांड (हमीरपुर)

## कार्यालय ग्राम पंचायत जमखुरी विकासखण्ड–गोहांड (हमीरपुर)

पत्रांक–/ विज्ञप्ति /2023–24 दिनांक 29–02–2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग– ग्रामीण अभियंत्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/ 15वां वित्त आयोग / मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमखुरी में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किए जाते है। जो दिनांक 09/03/24 को अपराह्व 03: 00 बजे तक ग्राम पंचायत जमखुरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपराह्व 03:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 29/02/2024 से 09/03/2024 कार्यालय में प्राप्त किए जाएंगे। बिना कारण बताये किसी भी निविदा/कुटेशन को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत | निविदा का मूल्य+ टीटी | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मनरेगा | कमला के बाड़े से मतीन के बाड़े तक रोक दीवार निर्माण | 5.538 लाख रु0 | 500+90 रु0 | 3 माह |
| 02 | मनरेगा | रूपसिंह के खेत के पास पुलिया निर्माण | 1.81 लाख रु0 | 225+41 रु0 | 3 माह |

**अन्य शर्ते**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगी।
3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।
6. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एस0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा कि स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जाएगी।
7. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

**प्रधान**
ग्राम पंचायत जमखुरी
विकासखण्ड गोहांड (हमीरपुर)

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत जमखुरी
विकासखण्ड गोहांड (हमीरपुर)

# पचौरी दिल्ली रवाना, महाना पहले से मौजूद

## भारतीय जनता पार्टी से मालिनी अवस्थी, समाजसेवी रमेश अवस्थी और नीतू सिंह का नाम भी चर्चा में

**कानपुर का रण**

विशेष संवाददाता, अमृत विचार

**कानपुर।** भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची में कानपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी की घोषणा नहीं किए जाने से संशय के बादल गहरा गए हैं। प्रत्याशी को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं के साथ अटकलों का बाजार गरम है। कोई सांसद सत्यदेव पचौरी के रिपीट होने तो कोई परिवर्तन का दावा कर रहा है। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के नाम की भी चर्चा है। महाना शनिवार से दिल्ली में हैं। रविवार को सांसद सत्यदेव पचौरी भी दिल्ली रवाना हो गए। महाना और पचौरी के साथ पूर्व नौकरशाह अवनीश अवस्थी की पत्नी लोक गायिका मालिनी अवस्थी के अलावा रमेश अवस्थी का नाम भी अटकलों के बाजार में चर्चा पा रहा है।

कानपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित न किए जाने के पीछे कहा जा रहा है कि इस सीट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की राय से ही प्रत्याशी घोषित किया जाएगा। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री ने अपनी राय से नेतृत्व को अवगत करा दिया है। कानपुर के लिए मालिनी अवस्थी का नाम लखनऊ से चलाया गया है। उनका पनकी में एक पारिवारिक मंदिर भी है जहां परिवार का जब-तब आना-जाना रहता है। भाजपा पहले ही किसी कद्दावर ब्राह्मण को प्रत्याशी बनाने के मूड में है। दूसरा नाम रमेश अवस्थी का लिया जा रहा है। शहर में उनके पोस्टर, होर्डिंग जगह-जगह लगायी गयी हैं। स्थानीय संगठन में उनके नाम पर कोई गंभीर चर्चा नहीं है पर कहा जाता है कि दिल्ली में उनके राजनीतिक आका ने नाम चलाया है। आरएसएस की तगड़ी पैरवी के बाद भी मेयर का टिकट कट जाने के बाद राजनीति और सामाजिक कार्यों में सक्रिय नीतू सिंह एक बार फिर चर्चा में हैं। वह पचौरी की बेटी हैं।

कानपुर लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की बहुतायत है। पहली बार 1991 में कैप्टन पंडित जगतवीर सिंह द्रोण ने चुनाव जीता था। फिर 1996 व 1998 में भी वह सांसद रहे। द्रोण ब्राह्मण समाज से आते हैं। उनके बाद तीन चुनाव कांग्रेस के श्रीप्रकाश जायसवाल ने जीते। 2014 में मुरली मनोहर जोशी व 2019 सत्यदेव पचौरी ने सीट फतह की। दोनों ही ब्राह्मण हैं। कहा जाता है कि भाजपा एक बार फिर ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने के मूड में हैं। मगर दूसरी तरफ आठ बार के विधायक प्रदेश सरकार में मंत्री रहे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना लोकप्रियता और सर्वसुलभ होने से चर्चा में हैं। वह 2009 का लोकसभा चुनाव कानपुर से लड़े थे, पर 18 हजार वोटों से हार गए थे।


सतीश महाना। अमृत विचार


सत्यदेव पचौरी। अमृत विचार


मालिनी अवस्थी। अमृत विचार

## आरएसएस ने कमान संभाली, समन्वयक समिति बनाई

- चार सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया गया
- समिति जमीनी स्तर पर काम करके फीडबैक लेगी

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने लोकसभा चुनाव की कमान संभाल ली है। कानपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा और संघ परिवार के बीच चुनाव के दौरान समन्वय बनाए रखने के लिए चार सदस्यीय समन्वयक समिति का गठन किया गया है। समन्वय समिति का गठन कानपुर क्षेत्र में आने वाले क्लस्टरों में किया जा रहा है।

कानपुर लोकसभा क्षेत्र में नीतू सिंह, विनीत चंदेल, संजय जाटव एडवोकेट, सुभाषिनी शिवहरे, राकेश तिवारी और साहबलाल को समन्वयक समिति में शामिल किया गया है। संघ कार्यालय कारवालो नगर में हुई बैठक में संघ व भाजपा के पदाधिकारी व वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे। बैठक में कानपुर, अकबरपुर, फतेहपुर, इटावा (सु), कन्नौज, फर्रुखाबाद, बांदा, जालौन (सु), झांसी लोकसभा क्षेत्र में समन्वयक समिति के गठन पर व्यापक चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता आरएसएस के प्रांत प्रचारक श्रीरामजी, भाजपा कानपुर –बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल, कानपुर उत्तर और दक्षिण जिलाध्यक्ष दीपू पांडे व शिवराम सिंह समेत समेत लोकसभा क्षेत्र के पदाधिकारी व वरिष्ठ कार्यकर्ता थे। समिति का कार्य चुनावी तैयारियों के साथ जमीनी स्तर से फीडबैक लेकर रणनीति तैयार करना है।

क्लस्टर की सभी सीटों को जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल, दुर्गावाहिनी, विद्यार्थी परिषद, भारतीय मजदूर संघ, अधिवक्ता परिषद, सहकार भारती, शैक्षिक महासंघ आदि आनुषांगिक संगठनों का सहयोग लेने की बात हुई। बैठक में आरएसएस की ओर से उम्मीद जतायी गयी कि फीडबैक के आधार पर कीलकांटे दुरुस्त किए जाएं।

इसके हर संभव कदम उठाए जाने चाहिए। समन्वयक समिति के सदस्यों को विधानसभा क्षेत्रवार कार्य करने को कहा गया। बैठक में हिंदुत्व का संदेश प्रसारित करने के साथ ही राममंदिर निर्माण की उपलब्धि पर भी जनता के बीच चर्चा किए जाने पर जोर दिया गया। अयोध्या आने के निमंत्रण के लिए वितरित किए गए अक्षत कार्ड आदि के दौरान जुटाया गया डेटा भी तैयार रखा गया। इस कार्य में विश्व हिंदू परिषद की हर संभव सहायता लेने को कहा गया है।



### गठबंधन के सफर पर प्रहरी

लोकसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ते ही राजनैतिक पार्टियों के नेताओं व कार्यकर्ताओं का जुनून सड़क पर दिखने लगा है। उम्र की दहलीज के 76 वें पड़ाव पर दो पहियों की सवारी साइकिल से करते अपने कंधों पर दो पार्टियों कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी का दायित्व संभाले ग्राम पड़ेलवा चौराहा पाली अचलपुर अयोध्या निवासी रामसूरत सोनी कांग्रेस पार्टी के मंडलीय प्रचार मंत्री पिछले 32 वर्षों से निष्ठावान कार्यकर्ता का फर्ज अदा कर रहे हैं। रामसूरत सोनी ने बताया कि राहुल गाँधी की कश्मीर से कन्याकुमारी भारत जोड़ो यात्रा में 1200 किलोमीटर की यात्रा की थी। अब वर्तमान में पिछले माह भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अयोध्या से चल कर लखनऊ पहुँचने पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रशंसा पत्र भी दिया था। देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की हत्या के दौरान पहली बार दिल्ली में फिर बाद में अमेठी व रायबरेली में सोनिया गाँधी से मुलाकात हो चुकी है। इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस व सामाजवादी पार्टी का गठबंधन होने पर संगठन के पदाधिकारियों ने दोनों पार्टियों के ध्वज के साथ जनसम्पर्क व प्रचार करने का निर्देश दिया है। रामसूरत सोनी ने कहा कि यह गठबंधन का सफर साइकिल पर सवार होकर जनता से हाथ मिलाकर परिणाम की मंजिल पहुँचने तक जारी रहेगा। ● मनोज तिवारी

## इंडिया गठबंधन ने प्रत्याशी को जिताने की भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी नेताओं की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

**अमृत विचार।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों ने कानपुर लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन के प्रत्याशी को जीजान से लड़ाने का निर्णय लिया है।

पटकापुर में हुई बैठक में सपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक भूधरनारायण मिश्रा तथा संचालन मोहम्मद इसहाक ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के कार्यकाल में हुए विकास कार्य भाजपा के कार्यकाल से कहीं ज्यादा हैं, यह लोगों को बताएंगे और मोदी सरकार की नाकामियां उजागर करेंगे। बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, मदनमोहन शुक्ला, सपा अध्यक्ष फजल महमूद, विधायक मोहम्मद हसन रूमी, आम आदमी पार्टी अध्यक्ष अनुज शुक्ला, प्रवक्ता मदनलाल भाटिया आदि ने विचार व्यक्त किए।

## लोकदल नेता पहुंचे भाजपा कार्यालय, समर्थन का एलान


भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के साथ मौजूद राष्ट्रीय लोकदल के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी जैसे ही दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व से भेंट कर एनडीए में शामिल हुए। वैसे ही कानपुर में राष्ट्रीय लोकदल के प्रांतीय उपाध्यक्ष समेत कई नेता भाजपा कार्यालय पहुंचे। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने का कहना है कि लोकदल के एनडीए में शामिल होने से प्रदेश में 80 में 80 सीटें जीतने का काम आसान हो गया है।

राष्ट्रीय लोकदल के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, ग्रामीण जिलाध्यक्ष विजय शंकर लाल, जिला महामंत्री नीरज सिंह, दीपक शर्मा, रॉबिन गुप्ता व इकराम अली समेत कई नेता भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। उन्होंने क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश महामंत्री कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता, क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू, सुनील तिवारी, पूनम द्विवेदी, अनिता गुप्ता व पवन प्रताप सिंह समेत आदि नेताओं से भेंट की। बैठक में तय हुआ कि सभी लोग गठबंधन धर्म निभाते हुए कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 10 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताने के लिए 24 घंटे काम करेंगे। उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता भाजपा नेताओं के साथ मिलकर सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे।

### संयुक्त सचिव नामित हुए फील्डगन के महाप्रबंधक

**कानपुर।** फील्ड गन फैक्ट्री के महाप्रबंधक जितेंद्र त्रिवेदी को केंद्र सरकार में संयुक्त सचिव नामित किया गया है। आदेश प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी किया गया है। जितेंद्र त्रिवेदी संघ लोक सेवा आयोग की इंडियन ऑर्डिनेंस फैक्ट्री सर्विसेज के 2000 बैच के अधिकारी हैं। उन्हें नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग में संयुक्त सचिव (लैंड सिस्टम) के पद पर भेजा जा रहा है। इसके पहले भी वह भारत सरकार के मंत्रालयों में प्रमुख जिम्मेदारी निभा चुके हैं। इस बार संयुक्त सचिव पद पर तीन अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर बुलाए गए है। इसमें त्रिवेदी भी शामिल हैं।

## प्रदेश में 16 प्रतिशत वैश्य और सांसद सिर्फ दो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद व ट्रेडर्स एंड इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन का राष्ट्रीय प्रतिनिधि सम्मेलन व अभिनंदन समारोह रविवार को साकेतनगर स्थित एक होटल में हुआ। इसमें कहा गया कि सम्मेलन का मकसद वैश्यों के हितों की रक्षा करना है। सरकारें हमेशा वैश्यों की उपेक्षा करती रही हैं, जबकि वैश्यों के सहयोग से ही सरकारों का गठन होता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता, नरेश माहेश्वरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अजय गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा पंकज गुप्ता, विजय माहेश्वरी ने दीप जलाकर सम्मेलन का उद्घाटन किया।


वैश्य सम्मेलन में मौजूद समाज के पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश माहेश्वरी ने अतिथियों का स्वागत किया। राष्ट्रीय प्रधान महासचिव ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि वैश्यों की ही देन है। इसके बाद भी राजनैतिक लोग वैश्यों की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, न ही प्राथमिकता दी जाती है। शासन में वैश्यों की भी भागीदारी होनी चाहिए। राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में हमारे सिर्फ दो सांसद हैं, जबकि पूरे प्रदेश में 16 प्रतिशत वैश्य हैं। हमारी मांग है कि कम से कम 10 से 15 सीट वैश्यों को दी जानी चाहिए। प्रदेश में लगभग 20 संसदीय क्षेत्र ऐसे हैं, जहां वैश्य जीत और हार में अहम हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आर्थिक क्षेत्र में सरकार नए नियम बनाकर व्यापारियों को व्यापार करने में सहयोग नहीं कर रही है।

**जैन मुनि को मिले भारत रत्नः** सम्मेलन में डॉ. सुमंत गुप्ता ने कहा कि जैन मुनि विद्या सागर को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि झंडा ऊंचा रहे हमारा गीत के लेखक स्व. श्याम लाल गुप्त के 100 वर्ष पूर्ण होने पर देश स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए।

### सम्मेलन में पास हुए प्रस्ताव

- वैश्य समाज के सभी उपवर्गों में शादी करना चाहिए।
- शादियों में अनेकों प्रकार के व्यंजन बनते हैं उन्हें कम से कम रखा जाए।
- –प्री वेडिंग मैरिज फोटो शूट की परंपरा को बंद किया जाए।
- प्रेम विवाह में दोनों पक्षों के अभिभावकों की सहमति व कोर्ट मैरिज अनिवार्य रहे।
- बारात में सड़कों पर महिलाओं का नृत्य व युवा वर्गों का शराब सेवन बंद हो।
- मंडप आदि कार्यक्रम दिन में होने चाहिए, ताकि अपव्यय से बच सकें।
- प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह का आयोजन होना चाहिए।
- सभी सरकारें वैश्यों का वोट लेकर हमेशा करती रहीं उपेक्षा
- सभी अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद का सम्मेलन आयोजित हुआ

### वैश्यों के लिए सुरक्षा आयोग बनाएं

- सम्मेलन में मांग की गयी कि सभी वैश्य परिवारों को जिनकी आय साल में पांच लाख से कम है, उन्हें बीपीएल कार्ड जारी किए जाए। वैश्यों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा आयोग का गठन किया जाए। ऑन लाइन व्यापार पर तुरंत रोक लगे और विधवाओं को पेंशन सुविधा दी जाए। अजय मित्तल, अनीता गुप्ता, सरोज गुप्ता, वंदना गुप्ता, विकास जायसवाल पार्षद, अमित गुप्त पार्षद, रवि गुप्त, किशन केशरवानी, अखिलेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, लल्लू अग्रवाल, पवन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## दाखिले के नाम पर हड़पे 6 लाख

**कानपुर।** मूलगंज थानाक्षेत्र की एक महिला की बेटी को नामी मेडिकल कॉलेज में सीट दिलाने का झांसा देकर छह लाख रुपये की ठग लिए गए। पीड़िता ने थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायत की।

मूलगंज निवासिनी महजबीन कुरैशी ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2020 में उनकी बेटी ने नीट एग्जाम दिया था। इसके बाद उनके पास एक काउंसलर का फोन आया। आरोपी ने बाराबंकी के कॉलेज में दाखिले का झांसा दिया और छह लाख रुपये मांगे। संतुष्ट होकर ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ रुपये नकद भी दिए। आरोपी ने तय कॉलेज में एडमीशन नहीं दिलाया। उन्होंने रुपये की मांग की तो आरोपी टाल मटोल करने लगा। उन्होंने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की।

## लोकतंत्र हटाने का कुचक्र सफल न होने दें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लाल इमली स्थित जीआईसी ग्राउंड में रविवार को समाजिक संगठनों ने ईवीएम हटाओ-संविधान बचाओ अभियान का आगाज किया। कार्यक्रम में दिल्ली के पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने आरोप लगाया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटर मशीन (ईवीएम) के जरिए मतदाताओं के वोटों की चोरी होती है। संविधान में निहित है कि चुनाव पादर्शिता से कराया जाए, ताकि जनता द्वारा चुनी गई सरकार को जनता की सेवा करने का मौका मिले। लेकिन कुछ तथाकथित लोग जो भारतीय संविधान को नहीं मानते वह लोकतंत्र की जगह राजतंत्र स्थापित करना चाहते हैं। दिल्ली में हुए आंदोलन में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता महमूद प्राचा व भानु प्रताप ने कहा है कि कि ईवीएम से वोटिंग के विरोध में जानमानस में रोष है। राष्ट्रपति से मांग है कि ईवीएम मशीन को बंद कर लोकतंत्र की रक्षा के लिए आम जनमानस वोटर के मताधिकार का प्रयोग बैलेट पेपर द्वारा कराया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है कि भारत के वोटर भविष्य में न्याय की उम्मीद नहीं कर सकता। कार्यक्रम में पैंथर धनीराम बौद्ध, औसान सिंह यादव, सोने लाल गौतम, देवीप्रसाद निषाद, भारत राजयोगी, बब्ली गौतम, कमल कुमार, विनोद पाल, साजिद सर, मो. सुलेमान, आरपी पाल, चमन खन्ना, श्रीकान्त पाल, मलखान सिंह, सुरेश कुमार वर्मा, एसके चौधरी, बलराम सिंह रहे।


जीआईसी मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

**कार्यालय ग्राम पंचायत –टिकरिया, विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)**

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा/योजना 2023–2024 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 04–03–2024 से 10–03–2024 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना अन्तर्गत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | पुलिया निर्माण कार्य सुशील तिवारी के खेत के पास | 6.98 लाख | 2% | सीमेंन्ट, बालू, गिट्टी, ईट, खडा पत्थर, सरिया आदि | – | 3 माह |
| 1 | मनरेगा | बकरी शैड निर्माण कार्य बृम्हानन्द पुत्र हरछत के बाडे में | 1.98 लाख | 2% | सीमेंन्ट, बालू, गिट्टी, ईट, चद्दर पाइप एंगिल आदि | – | 3 माह |

शर्त – ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ–साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3– निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी / एक ही आर संलग्न करना होगा।
4– निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार आहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान — सचिव
ग्राम पंचायत–टिकरिया, विकास खण्ड –(पनवाड़ी),महोबा

**कार्यालय ग्राम पंचायत –बुडेरा, विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)**

निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा/योजना 2023–2024 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 04–03–2024 से 10–03–2024 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बुडेरा | ग्रामीण हाट बाजार निर्माण कार्य गाटा न0–264 में | 6.98 लाख | 2% | ईट, बालू, गिट्टी, सीमेंन्ट, पाइप, चद्दर आदि | 21X6 | 3 माह |
| 1 | बुडेरा | खडन्जा निर्माण कार्य गौशाला में | 6.98 लाख | 2% | ईट, बालू, गिट्टी, मौरंग सीमेंन्ट, आदि | – | 3 माह |

शर्त – ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ–साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3– निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी / एफ डी आर संलग्न करना होगा।
4– निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार आहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान — सचिव
ग्राम पंचायत–बुडेरा, विकास खण्ड –(पनवाड़ी),महोबा

**कार्यालय ग्राम पंचायत –नेकपुरा, विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)**

निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त/योजना 2023–2024 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 04–03–2024 से 10–03–2024 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नेकपुरा | हल्के के मकान से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 1.80 लाख | 2% | ईट, बालू, गिट्टी, सीमेंन्ट, सरिया आदि | 23 मी0 | 3 माह |

शर्त – ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ–साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3– निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी / एफ डी आर संलग्न करना होगा।
4– निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार आहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान — सचिव
ग्राम पंचायत–नेकपुरा, विकास खण्ड –(पनवाड़ी),महोबा

**धर्म– अध्यात्म**

शिव मंदिरों में तैयारी शुरू, सुरक्षा व्यवस्था पर रहेगा खास जोर, जागेश्वर मंदिर में दूल्हे की तरह सजेंगे महादेव

# सर्वार्थ सिद्धि योग में महाशिवरात्रि, शिवालय बनेंगे तीर्थ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर इस बार विशेष संयोग पड़ रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार शुक्रवार को भक्त सर्वार्थ सिद्धि योग में त्योहार मनाएंगे। शिव मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। जागेश्वर मंदिर में महादेव का दूल्हे के रूप में श्रृंगार भक्त देख सकेंगे। परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में भक्तों के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई जाएगी।

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि का पर्व 8 मार्च दिन शुक्रवार को मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार इस दिन कई शुभ योग एक साथ बन रहे हैं। इसलिए पर्व बहुत शुभ फल देने वाला माना जा रहा है। महाशिवरात्रि सर्वार्थ सिद्धि योग जैसे कई बेहद शुभ योग में मनाई जाएगी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती की वैवाहिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। शिवपुराण में बताया गया है कि जो लोग विवाहित हैं उन्हें अपने जीवनसाथी के साथ इस दिन पूरे विधि विधान से महाशिवरात्रि की पूजा करनी चाहिए।


सुधाशु जी महाराज आश्रम को भी सजाया जाएगा। अमृत विचार

### शिव बारात में शामिल होंगे 31 रथ

- महाशिवरात्रि में लाल बंगला से निकलने वाली शिव बारात 31 रथ शामिल किए जाएंगे। यह मठ मंदिर समन्वय समिति के संरक्षक बाल योगी अरुणपुरी चैतन्य जी महाराज ने बताया कि शिव बारात में सजीव झांकी होगी।

### एक दिन पहले हल्दी-मेहंदी

- नवाबगंज स्थित श्री जागेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री प्राण श्रीवास्तव ने बताया महादेव के विवाह का आयोजन मंदिर में एक दिन पहले शुरू हो जाएगा। 7 मार्च को तीन सौ महिलाएं मेहंदी रस्म में बाबा व मां पार्वती को हल्दी चढ़ाएंगी। मंदिर में इस अवसर पर शहनाई भी बजाई जाएगी।

मान्यता है कि सर्वार्थ सिद्धि योग में महाशिवरात्रि का व्रत करने और पूजा करने से भक्त के कार्यों में मनचाही सफलता हासिल होती है। इसके अलावा कार्य में आने वाली बाधा भी दूर होती है। महाशिवरात्रि पर शिव योग का संयोग भी बना है। शिव योग साधना, मंत्र, जप और तप के लिए बहुत ही शुभ माना जाता है।

महाशिवरात्रि पर निशीथ काल की पूजा के वक्त ज्योतिषाचार्य सिद्धि योग का होना बता रहे हैं। मान्यता है कि इस काल में शिव साधना का संपूर्ण फल भक्त को हासिल होता है। महाशिवरात्रि पर परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में सुरक्षा को लेकर खास तैयारी शुरू हो गई है। मंदिर में आने वाली भीड़ को देखते हुए बैरियर और सीसीटीवी की संख्या में इजाफा किया जाएगा। 50 अतिरिक्त सेवक भी लगाए जाएंगे। सिद्धानाथ घाट में गुब्बारों और फूलों का श्रृंगार किया जाएगा। पीरोड स्थित वनखंडेश्वर मंदिर में भी विशेष श्रृंगार के बीच दर्शन होंगे।

### अलंकार योजना में नहीं मिला स्कूलों को बजट

**कानपुर।** प्रोजेक्ट अलंकार के तहत जिले के जर्जर स्कूलों की सूरत बदलने का इंतजार बढ़ गया है। सरकार ने 38 जिलों में इस योजना के तहत बजट दिया है, जिसमें कानपुर के स्कूलों का नाम नहीं आ पाया है। इसकी सबसे बड़ी वजह स्कूलों के प्रबंधक हैं। उन्होंने योजना के तहत आवेदन करने में लगातार देरी की। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत स्कूलों को मॉडल बनाए जाने का कार्य प्रदेश सरकार की ओर से किया जाना था। इस योजना में स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए 75 फीसदी बजट सरकार और 25 फीसदी बजट स्कूल के प्रबंधकों की ओर से दिया जाना था। योजना के तहत शहर के सरकारी स्कूलों को भी शामिल किया गया था। जर्जर स्कूलों के प्रबंधकों ने योजना में आवेदन ही नहीं किया। ऐसे स्कूल जिन्होंने योजना में आवेदन किया उनकी अनुमानित लागत इतनी अधिक थी कि दोबारा आगणन बनाया। अधिकारियों का मानना है कि इसकी वजह से प्रोजेक्ट में देरी हुई।

# बिरहाना रोड में सुंदरीकरण के नाम पर वसूली के विरोध में कारोबारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नगर आयुक्त कार्यालय पर ज्ञापन चस्पा किया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर तिरपाल व्यापार मंडल बिरहाना रोड के व्यापारी अपनी समस्याएं नगर आयुक्त को बताना चाहते थे, लेकिन उनके नहीं मिलने पर मांगों से संबंधित ज्ञापन नगर निगम में चस्पा कर दिया और डाक से भेजने का फैसला लिया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में ज्ञापन देने पहुंचे महामंत्री अतुल द्विवेदी, उपाध्यक्ष आशु शर्मा ने बताया कि बिरहाना रोड पर सुंदरीकरण के नाम पर व्यापारियों को लूटा जा रहा है। नगर निगम की इस पहल का कारोबारी समर्थन करते हैं लेकिन सुंदरीकरण का पैसा व्यापारियों से ही वसूल किया जा रहा है। सुंदरीकरण के नाम पर दुकानों पर लगे बोर्ड को व्यापारियों से बगैर पूछे नगर निगम का दस्ता उतारकर ले

- **दुकानों से बोर्ड हटाए जाने पर हुए आक्रोशित कारोबारी बोले किया जा रहा है उत्पीड़न**

गया है। इसे व्यापारी चोरी मान रहे हैं। कारोबारियों ने इस प्रक्रिया को उत्पीड़न बताते हुए तुरंत रोके जाने की मांग की। ज्ञापन देने वाले व्यापारियों में असद इमरान, राय साहब जैन, अभिषेक द्विवेदी, विकास भाटिया, संजय भसीन, मुन्ना भाई, रजत सक्सेना, राजीव सिंह, नितिन रामचंदानी, राजेश गुप्ता, इंद्रजीत सिंह, राकेश आहूजा, जयवीर सिंह, प्रतीक जैन, आयुष यशपाल भाटिया, उत्कर्ष गुप्ता रहे।

## सवारी ढोने वाले ट्रैक्टर चालकों को कार्रवाई की चेतावनी

**मूसानगर।** आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे भाड़ा वाहनों पर थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। मुगल रोड पर सवारी ढोने वाले ट्रैक्टर व भाड़ा वाहनों को रोक कर चालकों को चेतावनी देते हुए सवारी बैठाने पर रोक लगाई गई है। मूसानगर कस्बे में रविवार और गुरुवार को बाजार लगती है। ग्रामीण ट्रैक्टरों से बाजार करने आते हैं। जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। बीते दिनों कासगंज में हुई घटना दोबारा न होने पाए। इसके लिए मूसानगर पुलिस ने रविवार को थाने के सामने चेकिंग अभियान चलाया और ट्रैक्टर ट्राली में बैठी सवारियों को उतार कर अन्य सवारी वाहनों से अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए समझाया। ट्रैक्टर ड्राइवरों को सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी देकर छोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि भाड़ा वाहन व ट्रैक्टर ट्राली में बैठी सवारियों को उतार कर अन्य वाहनों पर यात्रा करने के लिए समझाया गया है।

# बच्चे व गर्भवती कहीं भी करा सकेंगी टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **को-विन की तरह अब यू-विन पोर्टल में दर्ज होगा टीके का डाटा**
- **राज्य स्तरीय प्रशिक्षक जिले के अधिकारियों को आज देंगे प्रशिक्षण**

**अमृत विचार।** अब देश में कहीं भी किसी भी बच्चे या गर्भवती महिला का टीकाकरण किया जा सकेगा। इसकी जानकारी एक ही स्थान पर एकत्र होगी। इसके लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने को-विन की तरह यू-विन पोर्टल लांच किया है। पोर्टल पर टीका लगवाने का डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.यूबी सिंह ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोविन की तर्ज पर यू-विन पोर्टल शुरुआत की है। गर्भवती व शिशुओं के टीकाकरण का ब्योरा अब यू-विन पोर्टल में ही दर्ज किया जाएगा। यू-विन पोर्टल के संबंध में लखनऊ में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.राजेश्वर सिंह को प्रशिक्षण दिया गया है। दोनों प्रशिक्षकों द्वारा सोमवार को


लखनऊ में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल जिला प्रतिक्षरण अधिकारी व उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी समेत अन्य। अमृत विचार

ग्रामीण और मंगलवार को शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए फूलबाग स्थित एक निजी होटल में जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद यह प्रशिक्षित टीम आशा व एएनएम को भी प्रशिक्षण देंगे। यू-विन पोर्टल या ऐप को मोबाइल में डाउनलोड कर पंजीकृत कर सकते हैं। आंकड़ों के आदान-प्रदान के लिए यूविन पोर्टल को कोविन से भी जोड़ दिया गया है। इस कारण ज्यादातर लोगों के आंकड़े पहले से ही पोर्टल पर मौजूद हैं। जैसे ही पूर्व में कोविड टीकाकरण के समय कोविन एप पर दर्ज कराए गए मोबाइल नंबर को यू-विन एप पर रजिस्टर करते हैं, वैसे आपका नाम, पता, आधार नंबर आदि विवरण आ जाएगा।

### यू-विन के फायदे

- परिवार के सभी सदस्यों के टीकाकरण का डाटा एक जगह होगा।
- पूरे देश में टीका की आपूर्ति व उपयोग की केंद्रीयकृत निगरानी होगी।
- स्वास्थ्य कार्यकर्ता के कार्यों का आकलन भी आराम से हो सकेगा।
- टीके की तारीख भूलने पर दिक्कत नहीं होगा।
- स्लॉट बुकिंग कर समय भी बचेगा।
- टीके की दवा की बर्बादी भी रूकेगी।
- एप में टीके की डोज की उपलब्धता का भी विवरण होगा।

# यूपी व मुंबई के बीच सेमीफाइनल मैच बारिश के कारण एक दिन टला

## दो दिन से रुक-रुककर बरसात के कारण ग्रीन पार्क मैदान हुआ गीला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी के सेमीफाइनल मुकाबले में बारिश ने खलल डाल दिया। यूपी और मुंबई के बीच रविवार को होने वाला मैच मैदान गीला होने के कारण एक दिन के लिए टल गया है। शनिवार रात से रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण मैदान काफी गीला हो चुका है। पिच क्यूरेटर व कर्मचारी मैदान सुखाने के काम पर जुटे रहे।

सेमीफाइनल मुकाबले के लिए दो दिन से दोनों टीमें ग्रीनपार्क मैदान में जमकर पसीना बहा रही हैं। यूपी और मुंबई के खिलाड़ी नेट प्रैक्टिस में खुद को तैयार कर रहे हैं। यूपी के खिलाड़ियों ने काली मिट्टी से बनी पिच को अच्छी तरह समझा है, जबकि मुंबई टीम भी पिच का मिजाज पढ़ रही है। दोनों टीमें इस सेमीफाइनल मुकाबले के लिए कोई


ग्रीन पार्क मैदान पर भरा पानी अमृत विचार

कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इसका कारण यह कि तीन बार खिताब जीत चुकी मुंबई फिर से ट्राफी पाना चाहती है, वहीं दूसरी बार जीत के लिए यूपी टीम भी तैयारी कर रही है।

रविवार के अंपायरों ने कई बार पिच और मैदान का निरीक्षण किया। पिच पर शनिवार रात से ही कवर पड़ा था, लेकिन कई बार कवर हटाकर देखने के कारण पिच कुछ और नम हो गई थी। बारिश का पानी आउट फील्ड में कई जगह जमा मिला। गीली आउट फील्ड को सुखाने का प्रयास जारी है। पिच

- **दिन भर मैदान सुखाने की जद्दोजहद में लगे रहे स्टेडियम के कर्मचारी**

क्यूरेटर व ग्रीनपार्क के कर्मचारी काम पर लगे हैं। सोमवार को मैच होगा या नहीं, इसका फैसला रविवार रात की बारिश और सुबह मौसम का मिजाज देखने के बाद अंपायर करेंगे।

यूपी टीम के कप्तान समीर रिजवी ने सौराष्ट्र के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तिहरा शतक लगाया था। टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बदौलत पहली पारी खेलकर ही सेमीफाइनल में जगह बना ली थी। शनिवार को बारिश के बावजूद खिलाड़ियों ने नेट प्रैक्टिस में पसीना बहाया था। रविवार को दोनों टीमों के खिलाड़ी पैवेलियन में ही कैद रहे। इस दौरान यूपी टीम के कोच मो. आमिर फिटनेस के टिप्स देते नजर आए।

## अंशुल-श्रेयांश की बल्लेबाजी से स्टारलेट जीता

**कानपुर।** केडीएमए क्रिकेट लीग में स्टारलेट ने सी स्पोर्टिंग यूनियन को 24 रनों से हरा दिया। स्टारलेट के कप्तान, बल्लेबाज श्रेयांश सिंह ने 110 रन और अंशुल टेकचंदानी के 89 के दम पर टीम ने सी स्पोर्टिंग के सामने तीन विकेट के नुकसान पर 254 रनों का लक्ष्य रखा। जिसका पीछा करने उतरी सी स्पोर्टिंग टीम निर्धारित 38 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर महज 230 रन ही बना सकी। कानपुर स्टारलेट की ओर से अमित करम चंदानी ने 2 और जितेश व देवेंद्र ने एक-एक विकेट लिए।

इससे पहले सी स्पोर्टिंग ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। स्टारलेट के कप्तान श्रेयांश और मानस तिवारी ने पारी की शुरुआत की। दूसरे ओवर में आठ रन पर मानस को आदित्य ने चलता किया। इसके बाद अंशुल टेकचंदानी आए। श्रेयांश और अंशुल ने शानदार बल्लेबाजी से टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। 226 रन पर टीम को दूसरा झटका अंशुल (89) के रूप में लगा। टीम ने निर्धारित 38 ओवरों में तीन विकेट खोकर 254 रन बनाए।


ग्रीनपार्क स्टेडियम में बरेली-फतेहपुर की टीम मैच खेलते। अमृत विचार

# कानपुर टीम ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता**

**अमृत विचार।** खेल निदेशालय की ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन कानपुर नगर ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में दस टीमें हिस्सा ले रही हैं। दूसरे दिन कुल चार मुकाबले खेले गए। जिसमें दो मुकाबले ड्रा रहे।

रविवार को हुए मुकाबलों में कानपुर नगर टीम का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। ग्रीनपार्क स्टेडियम में पहला मुकाबला बरेली व फतेहपुर के बीच हुआ। जिसमें बरेली ने 02-01 से विजय हासिल की। दूसरा मैच चित्रकूट व मिर्जापुर के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने कड़ा मुकाबला किया। एक-एक गोल करके मैच ड्रा कराया। तीसरा मैच कानपुर नगर व झांसी के बीच खेला गया। जिसमें कानपुर नगर ने चार गोल किए। वहीं झांसी की टीम एक गोल ही कर सकी।

इस तरह कानपुर ने 04-01 से मुकाबला जीत लिया। कानपुर देहात और आजमगढ़ के बीच चौथा मुकाबल खेला गया। जिसमें कानपुर देहात व आजमगढ़ की टीम ने 02-02 गोल करके एक दूसरे को टक्कर दी। यह मैच भी ड्रा हो गया। इस मौके पर फुटबाल संघ के पदाधिकारी, फुटबाल रेफरी, सीनियर खिलाड़ी, उप निदेशक खेल आरएन सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों का यहां मिलेगा समाधान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पुलिस की छवि आम तौर पर काम टालने की लोगों के मन में बनी हुई है, लेकिन पुलिस में कौन सा काम कितने दिन में होता है। मसलन कोई जांच हो या कोई प्रार्थना पत्र किसी अधिकारी के ऑफिस से थाने जाना हो। वह कितने दिन में जाता है। अगर नहीं तो आपके लिए ये समाचार बहुत काम का हो सकता है।

वैसे इसतरह के सभी सभी बिंदुओं पर पहले से काम हो रहा था। लेकिन पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार और संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चन्दर और

- **प्रतिदिन आने वाली शिकायतों का हो रहा निस्तारण**

संयुक्त पुलिस आयुक्त क्राइम व मुख्यालय विपिन मिश्ना के साथ जोन के तीन डीसीपी बदल गए। पुरानी व्यवस्था से कमिश्नर अखिल कुमार ने जब लोगों को परेशान देखा तो नई व्यवस्था की यानी पुलिस ऑफिस में घुसते ही दाहिनी तरफ एक ऑफिस डीसीपी क्राइम एवं मुख्यालय के पड़ोस में बनाया।

जहां से शिकायत के निस्तारण के दिनों की जानकारी तो मिलती ही है। साथ ही ये भी पता चलता है कि आपकी शिकायत कहां है ? यहां शिकायतें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरफ से दर्ज की जाती हैं। साथ ही इस सेल में दो महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। जो आपकी हर तरह की शिकायत सुनने के बाद उनका निस्तारण भी करेंगी। यानी आपको ऑफिस-ऑफिस भटकना नहीं पड़ेगा। बातचीत करने पर यहां मौजूद महिला कर्मचारियों ने बताया कि प्रतिदिन 45 शिकायतें आती हैं और इन शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण किया जाता है। अगर आपको ये पता करना है कि आपके शिकायती पत्र की जांच कहां पर अटक गई है, तो आपको हेल्प डेस्क के सीयूजी नंबर 7839863489 पर संपर्क करना होगा।

### इन सेवाओं के बारे में दी जाती जानकारियां

शिकायत समाधान सेल में शस्त्र लाइसेंस, पासपोर्ट सत्यापन, चरित्र सत्यापन, चरित्र सत्यापन (ठेकेदारी के लिए), शिकायत प्रार्थना पत्र (थाना स्तर), शिकायत प्रार्थना पत्र (उच्चाधिकारी स्तर), अप्राकृतिक मृत्यु, दैवीय आपता में मृत्यु दर कार्रवाई, न्यायालय से प्राप्त तामीला, खोए पाए वस्तुओं की सूचना के संबंध में कार्रवाई. गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कार्रवाई, शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण के लिए, पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य संबंधित अभिलेखों की प्रमाणित प्रति के बारे में जानकारी, चालान 34 पुलिस एक्ट, अग्निशमन द्वारा एनओसी आयोजन संबंधी अनुमति, सार्वजनिक कार्यक्रम के आयोजन संबंधी अनुमति।

**अंधेपन को चेताया** | आईएमए सभागार में सेमिनार में वक्ताओं ने साझा की जानकारी

# ग्लूकोमा बीमारी की समय से पहचान जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आंखें ईश्वर का वरदान हैं, इन्हीं की मदद से हम दुनिया के खूबसूरत नजारे देख पाते हैं। लेकिन जाने अनजाने कुछ लोग अंधेपन का शिकार हो जाते हैं, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। दिनचर्या व आहार में गड़बड़ी के कारण समय के साथ इसका खतरा और भी बढ़ रहा है। इसलिए आंखों की गंभीरता से देखभाल करने के साथ पौष्टिक आहार का सेवन व आंख को चोट लगने से बचाना चाहिए। यह जानकारी डॉ. शालिनी मोहन ने सेमिनार में दी।

परेड स्थित आएमए सभागार में रविवार को आईएमए एएमएस कानपुर सब चैप्टर व कानपुर ऑप्थलमिक सोसाइटी ने सेमिनार का आयोजन किया। लखनऊ एसजीपीजीआई में एसोसिएट प्रो. वैभव जैन ने बताया कि आंखों की


आईएमए की सेमिनार को संबोधित करती डॉ. सोनिया दमेले साथ में मौजूद आईएमए के पदाधिकारी। अमृत विचार

समस्या और अंधेपन का एक कारण ग्लूकोमा भी होता है। ग्लूकोमा, आंखों की बीमारियों का एक समूह है, जो ऑप्टिक नर्व नामक तंत्रिका को नुकसान पहुंचाकर दृष्टि हानि और अंधापन का कारण बन सकती है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी मोहन ने बताया कि ग्लूकोमा को काला मोतिया कहा जाता है। इसमें आंखों की रोशनी जाने का खतरा रहता है। सही समय पर इलाज शुरू नहीं किया जाए तो दोबारा रोशनी नहीं आती है। इस बीमारी में आंख में दबाव बढ़ने से ऑप्टिक नर्व क्षतिग्रस्त हो जाती है। ऑप्टिक नर्व आंख को दिमाग से जोड़ती है, जिससे हम देख पाते हैं। आईएमए अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी ने बीमारियों की गंभीरता के विषय में बताया। केओएस अध्यक्ष डॉ.सोनिया दमेले ने बताया कि विटामिन डी की कमी से ग्लूकोमा की समस्या पैदा हो सकती है। ग्लूकोमा के मुख्य कारण आंख में चोट लगना, अनुवांशिक, मधुमेह व उच्च रक्तचाप होते हैं। यह बुजुर्गों के साथ ही युवाओं में भी होता हैं। ग्लूकोमा की बीमारी को समय से पहचाना नितांत आवश्यक है। परीक्षण चरण को चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। किसी व्यक्ति को अपनी दृष्टि के साथ समस्याओं का सामना करने की स्थिति में पूरी तरह से ग्लूकोमा नेत्र परीक्षण की आवश्यकता हो सकती है। इस दौरान केओएस सचिव डॉ. पारुल सिंह, डॉ. देशराज गुर्जर, आईएमए के सचिव डॉ. कुनाल सहाय, ग्लूकोमा का पारिवारिक इतिहास सत्र के चेयरपर्सन डॉ. एमसी सक्सेना, प्रो. डॉ रिचा गिरी, डॉ. अंबिका प्रसाद , डॉ. बृजेंद्र शुक्ला, डॉ. राम सिंह वर्मा, डॉ.आलोक वर्मा, डॉ. नम्रता पटेल, डॉ. शुभी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सीएसजेएमयू के शिविर में 314 ग्रामीणों ने कराई जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **आरके देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट रहा सहयोगी**

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय ने रविवार को आरके देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट व स्टेट बैंक आफ इंडिया के सहयोग से कल्याणपुर के होरा कठार स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ.वंदना पाठक, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. एएस प्रसाद, विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ.श्याम मिश्रा, उप समन्वयक डॉ.प्रवीन कटियार, आईएमए कानपुर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अल्का शर्मा, डॉ.किरण पांडेय, डॉ. पंकज गुलाटी ने किया।

विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. एएस प्रसाद ने कहा कि बीमारियों से बचाव आवश्यक है। अच्छे स्वस्थ्य के माध्यम से ही हम अपने जीवन में प्रगति ला सकते हैं। ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने, बीमारियों से बचने के उपाय बताने और स्वास्थ्य का परीक्षण कर विश्वविद्यालय लोगों को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक, ने कहा कि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा के विभिन्न कार्य कर रहे है। ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ.पंकज गुलाटी ने नाक, कान व गाल में होने वाले रोगों के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया। सीएसजेएमयू के राष्ट्रीय सेवा योजना के कुलानुशासक व उप समन्वयक डॉ. प्रवीन कटियार के मुताबिक शिविर में 314 ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर निशुल्क परामर्श दिया गया। शिविर में निशुल्क नेत्र जांच, पालीवाल डायग्नोस्टिक की टीम ने एनीमिया स्क्रीनिंग, बीपी रैंडम, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जांच, जेके कैंसर संस्थान के टीम के सहयोग से कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। बहरेपन की जांच हर्ष स्पीच सेंटर ने की। फारमोला कंपनी के सहयोग से निशुल्क दवाएं दी गई। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.किरन पाण्डेय, डॉ. कंचन शर्मा, डॉ.चमन कुमार, डॉ.प्रवीन कटियार, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.दिनेश सिंह सचान, डॉ. अनु, डॉ. तेजपाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.अनुपम सचान, उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य रमाकांती, प्रधान नारायण राजपूत आदि रहे।


शिविर को संबोधित करतीं वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ.वंदना पाठक व अन्य।

### 400 लोगों की जांच, बीमारी का हुआ इलाज

**कानपुर।** यतीमखाना परेड में रविवार को बीआर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर, मूत्र परीक्षण, यूरोफ्लोमीटरी (कंप्यूटर द्वारा पेशाब धार की जांच), हड्डी की ताकत की जांच (बीएमडी), पीएसए, कैंसर जांच (एफएनएसी), (पीएपी स्मिअर) व साइटोलॉजी की मुफ्त जांच की गई। शिविर में एक्सरे, अल्ट्रासाऊंड जांच में 40 प्रतिशत की छूट दी गई। वरिष्ठ यूरोलोजिस्ट डॉ.वीके मिश्रा ने बताया कि स्त्री रोग से पीड़ित 40, यूरोलॉजी के 60, किडनी के 15, ईएनटी के 30, न्यूरो के 10 समेत चार सौ मरीजों ने शिविर का लाभ लिया। किडनी स्टोन, फेस में टेढ़ापन, पेट में दर्द, गले में दर्द आदि के मरीज भी अधिक रहे, जिनको निशुल्क दवा वितरण की गई। नेफ्रोलोजिस्ट डॉ. समीर गोविल, डॉ.मयंक पोरवाल, डॉ.वैभव गुप्ता, डॉ. नमन कनोडिया, डॉ. चंचल गुप्ता, डॉ. केके. अग्रवाल, डॉ. तनवीर, डॉ. निधिका पाण्डेय, डॉ. देवेन्द्र अग्रवाल, डॉ. राकेश त्रिपाठी, डॉ. आसिफ ऐजाज, डॉ. मो.जमील, डॉ. प्रदीप टण्डन, फेसियो मैक्सिलरी एवं कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. नुपुर कपूर, डॉ. पीएन शुक्ला, डॉ. रेशु अग्रवाल व डॉ. एससी वर्मा मौजूद रहे।


शिविर में मरीज की जांच करते डॉक्टर।



भाजपा की सदस्यता लेने के बाद जिलाध्यक्ष के साथ पदाधिकारी।

## साढ़े तीन सौ लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**कानपुर देहात।** सपा व अन्य पार्टियों से साढ़े तीन सौ से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ रनियां-विधानसभा के नेता व सभासद विशाल सिंह सेंगर ने अन्य सभासदों, बीडीसी, प्रधान व पूर्व प्रधान के साथ भाजपा की सदस्यता ली। जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, लोकसभा प्रभारी राजेश तिवारी, रनियां विधानसभा संयोजक डॉक्टर सतीश शुक्ला ने सभी को पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास करने वाली पार्टी है। रनियां नगर पंचायत से सभासद सोनू कमल, प्रशांत कुमार, सोनू शर्मा, पप्पू, अतुल कुमार, रोहित कुमार, मतलूम अली, आकाश कुमार लवली ने सदस्यता ली। पूर्व विधायक राम प्रकाश कुशवाहा, बृजेंद्र सिंह, विजय मिश्रा, परवेश रहे।

# सड़क हादसों में प्रधान पति समेत तीन की मौत

उन्नाव। सड़क में हुए गड्ढे से बचने के प्रयास में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार चला रहे मियागंज प्रधान के पति स्टेरिंग व सीट के बीच में फंस गए। पीछे बैठे युवक के गुहार लगाने पर ग्रामीण दौड़े और उसे बाहर निकला। परिजन उसे गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे में पीछे बैठे साथी को भी चोट आई। जिसे आसीवन पुलिस ने मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं मौरावां थाना अंतर्गत के बाहर शौच को गई महिला को अज्ञात वाहन टक्कर मार दी। परिजन उसे इलाज के लिए ले जाते उससे पहले महिला की मौत हो गई। हादसों की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं पुरवा में आवारा मवेशी को बचाने के प्रायस में निजी अनियंत्रित होकर किनारे खड़े ई रिक्शा से टकरा गई। गनीमत यह रही की हादसे में बस सवार यात्री व अन्य राहगीर बाल-बाल बच गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

**केस 01** आसीवन थानाक्षेत्र के मियागंज निवासी जफर अंसारी (50) विदेश में नौकरी करते थे। पंचायत चुनाव में उनकी पत्नी नगमा मियागंज ग्राम पंचायत की प्रधान बनी थी। इसके बाद से वह गांव में रहते थे। रविवार सुबह वह गांव निवासी मुन्ना के साथ जफर किसी काम से काम से आसीवन जाने को निकले थे। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर गणपति ढाबा के पास सड़क में हुए गड्ढे से बचने के प्रयास में कार चला रहे प्रधान पति ने वाहन को बाईं ओर काटा तभी बारिश के चलते मिट्टी गीली होने से वे वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सके और कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। हादसे में चालक कार में ही फंस गया। सीटबेल्ट नहीं लगी होने से सेफ्टी बैलून भी नहीं खुले। पीछे बैठे साथी ने शोर मचाया तो ग्रामीण दौड़े और दोनों को बाहर निकाला। हादसे में गंभीर घायल प्रधान पति को परिजन लखनऊ के ट्रामा सेंटर ले गए। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। लखनऊ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पति की मौत से पत्नी सहित दो बेटे अजहर व फजल बेहाल रहे। दोनों बेटे भी विदेश में नौकरी करते हैं। हादसे में पीछे बैठे मुन्ना को भी चोटें आई हैं।


जफर अंसारी।

**केस 02** मौरावां थानांतर्गत गुलरिहा गांव निवासी संतोष साहू खेती करते हैं। रविवार सुबह छह बजे उनकी पत्नी शीतला देवी (55) घर से शौच के लिए गांव के बाहर खेत की ओर गई थी। इसी दौरान मौरावां-गुरबक्शगंज मार्ग पर अज्ञात वाहन उन्हें टक्कर मार कर भाग निकला। सड़क पर लहूलुहान पड़ी महिला को देख उधर से निकले ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। बदहवास परिजन पहुंचे और उसे इलाज के लिए ले जाते उससे पहले महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द किया। पति समेत मां की मौत से इकलौता बेटा संजय रो-रोकर बेहाल रहा।


शीतला देवी।

- आसीवन थाना में कार पेड़ से टकरा जाने से प्रधान पति की गई जान
- मौरावां में शौच को गई 55 वर्षीय महिला की वाहन की टक्कर से मौत

### टेंपो की टक्कर से एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**केस 03** फतेहपुर चौरासी। कानपुर नगर के मोहल्ला गोविंद नगर निवासी अमन व दीपक अपने दोस्त के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से बांगरमऊ जा रहे थे। शनिवार देर रात उन्नाव-हरदोई मार्ग पर काली मिट्टी चौराहे के पास सामने से आ रही टेंपो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए। लोगों की मदद से दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां अमन की हालत गंभीर देख डाक्टर ने उसे कानपुर के एलएलआर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं घायल दीपक ने बताया कि अमन की कानपुर में मौत हो गई है। कार्यवाहक थाना प्रभारी संतोष राय ने बताया कि अभी तक थाने में इस तरह की कोई सूचना नहीं मिली है। अगर सूचना मिली तो कार्यवाही होगी।

## मवेशी को बचाने के चक्कर में बस बेकाबू, बची सवारियां

कार्यालय संवाददाता पुरवा

**अमृत विचार।** रविवार को उन्नाव से सवारियां लेकर मौरावां जा रही निजी बस के सामने बस उन्नाव-मोहनलालगंज मार्ग पर पुरवा के पश्चिम टोला के पास अचानक सामने आए मवेशी को बचाने के प्रायस में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रामआसरे के घर के बाहर खड़े खाली ई-रिक्शा से टकरा गई।


घर के बाहर खड़ी क्षतिग्रस्त बस व पलटा पड़ा ई-रिक्शा। अमृत विचार

हादसा देख बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। हालांकि संयोग रहा कि बस में सवार 22 यात्री समेत अन्य राहगीर बाल-बाल बच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लिया है। एसएचओ ने बताया कि मवेशी को बचाने में बस अनियंत्रित हुई थी। किसी भी सवारी को चोट नहीं आई है। बस से सवारियों को उतार कर अन्य दूसरे साधनों से गंतव्य के लिए भेजा गया।

## दंपति के विवाद में बचाव करने पहुंचे सभासद से मारपीट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर मोहल्ले में दंपत्ति के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। जिस पर बीच बचाव करने पहुंचे सभासद से भी लोगों ने मारपीट कर दी। सभासद ने महिला के ससुरालीजनों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को तहरीर दी है।

कंचन नगर निवासी कमलेश के भतीजे जीत बहादुर का विवाह दो साल पहले बिन्दा नगर में रहने वाले दीपू की बहन पार्वती से हुआ था। शादी के बाद से वह मायके में रह रही है।

कमलेश का आरोप है कि रविवार दोपहर करीब तीन बजे बिंदा नगर निवासी वार्ड-25 के सभासद अशोक सविता विवाहिता के परिजनों के साथ पहुंचे और उससे गालीगलौज करने लगे। जिसका उन्होंने विरोध किया। इस दौरान सभासद ने बीचबचाव करने की कोशिश की तो दूसरे पक्ष के लोग उनसे भी मारपीट करने लगे। हंगामा देख गांव के अन्य लोगों ने पहुंच कर सभासद को बचाया। इस मामले को लेकर दोनो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ कार्यवाही को लेकर गंगाघाट कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर रही है।

## मायके में रह रही पत्नी पर धारदार हथियार से हमला

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- परिजनों ने गंभीर हालत में महिला को जिला अस्पताल में कराया भर्ती

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत पति की प्रताड़ना से ऊबकर मायके में रह रही पत्नी पर पति ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर सुन पड़ोस में रहने वाली महिला रिश्तेदार उसे बचाने पहुंची तो युवक ने उसे भी पीट दिया। महिलाओं की चीख सुन आसपास के लोग घरों से बाहर निकले। उन्हें देख वह मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सीएचसी लाई। जहां उसे गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लिया है।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तूरी छविनाथ गांव निवासी श्रीराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बेटी सविता की शादी एक साल पहले बीघापुर कोतवाली अंतर्गत भैंसई कोयल गांव निवासी राजेंद्र से की थी। दामाद रोज शराब पीकर घर आता था। दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत दामाद पूरी कमाई शराब में उड़ा देता है। बेटी के विरोध करने पर पति उसे पीटता था। इससे ऊबकर वह छह माह पहले बेटी को ससुराल से ले आया था। तब से वह मायके में ही रह रही थी। रविवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पति अपनी



ससुराल तूरी पहुंचा और सविता से ससुराल चलने को कहा। पत्नी ने शराब छोड़ने की शर्त रखी। इसे लेकर दोनों में कहासुनी शुरू हो गई। आवेश में आकर राजेंद्र ने पास में रखा धारदार हथियार उठाकर पत्नी की गर्दन पर मार दिया। शोर सुन पड़ोस में रहने महिला रिश्तेदार ने उसे बचाने का प्रयास किया तो उसने उसे भी पीट दिया। महिलाओं की चीख सुन पड़ोसी दौड़े तो आरोपी पति वहां से भाग निकला। पुलिस ने घायल महिला को बिछिया सीएचसी पहुंचाया। जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। घटना को लेकर चर्चा रही की पति को अपनी पत्नी पर किसी दूसरे से बात करने का शक था। इसी वजह से उसने पत्नी पर हमला किया है। सूचना पर सीओ सोनम सिंह पहुंची और घटना की जानकारी ली। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि पति पुलिस हिरासत में है। जांचकर कार्रवाई की जा रही है।

# भूत-प्रेतों की बारात लेकर पहुंचेंगे भोलेबाबा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। महा शिवरात्रि पर शहर में आगामी आठ मार्च को निकाली जाने वाली विशाल शिव शोभायात्रा को लेकर नर सेवा-नारायण सेवा व हिंदू जागरण मंच द्वारा रविवार को एक बैठक शहर के मोहल्ला सिविल लाइंस में आयोजित की गई। इसमें संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी ने बताया कि इस बार की शिव बारात पूर्व में निकाली गई यात्राओं से अधिक विशाल व भव्य होगी। इसमें भोलेबाबा भूत-प्रेतों के साथ मां पार्वती के द्वार पहुंचेंगे।

बैठक में विमल द्विवेदी ने बताया कि आगामी 8 मार्च को महा शिवरात्रि पर गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी सैकड़ों झाकियों व भूत-प्रेत और नंदी संग हजारों भगवा ध्वजों के साथ पूरी भव्यता के साथ निकाली जाएगी। बारात का शुभारंभ वृंदावन गार्डेन आवास विकास कालोनी से सुबह 9 बजे होगा। बताया कि यात्रा के दौरान शिवभक्तों व संस्था के पदाधिकारियों द्वारा जगह-जगह महाप्रसाद का वितरण होगा व गाजे बजे, ढोल नगाड़े के साथ शंखध्वनि से नगर गूंजेगा। उन्होंने लोगों से शिवबारात में शामिल होने की अपील की। इस दौरान जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, समर्थ मां समर्थ भारत की अध्यक्ष अनीता द्विवेदी, वीरांगना वाहनी अध्यक्ष नीतू सिंह सेंगर, विष्णु गुप्ता, कमलेश बाजपेई, विकास सेंगर, योगेंद्र तिवारी, मनीष मिश्रा, राघवेंद्र पांडेय, सुनील भदौरिया, धर्मेंद्र शुक्ल, योगेंद्र तिवारी, अभी तिवारी, विपिन सिंह, कुलदीप वर्मा, सुरेश सेंगर, अजय सिंह, शिवसेवक त्रिपाठी, शैलेंद्र त्रिवेदी, मनीष अवस्थी आदि शिवभक्त मौजूद रहे।



बैठक में जानकारी देते विमल द्विवेदी व मौजूद अन्य। अमृत विचार

- बारात के संस्थापक विमल द्विवेदी ने बैठक में दी तैयारियों की जानकारी

## गंगा में कूदने जा रही छात्रा को बचा लिया

**शुक्लागंज उन्नाव।** आजाद नगर निवासी एक छात्रा शनिवार देर रात नवीन पुल पर पहुंची। जहां उसने पुल से गंगा में कूदने का प्रयास किया। यह देख राहगीरों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। आजाद नगर निवासी एक 15 वर्षीय छात्रा शनिवार रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे नवीन गंगा पुल पर पहुंची। जहां वह कुछ देर नवीन पुल के फुटपॉथ पर टहलती रही। जिसके बाद रेलिंग पर चढ़कर उसने पुल से गंगा में छलांग लगाने का प्रयास किया। यह देख राहगीरों ने उसे पकड़ लिया और गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उससे पूछताछ की। जहां उसने बताया कि पारिवारिक कलह के चलते वह छलांग लगाने के लिये पहुंची थी। समझा बुझा कर छात्रा को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# 30 नाराज जोड़ों का फिर से घर बसाया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन व जिले के विभिन्न थाना-कोतवाली में स्थित महिला हेल्पडेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। इसमें परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम ने उनकी काउंसिलिंग करते हुए 30 विवादित जोड़ों के बीच उपजे विवाद खत्म कराए और परिवारों को टूटने से बचाया। इसके बाद सभी जोड़ों को खुशी-खुशी उनके घरों को भेजा गया।

इसमें महिला थाना से 12, परिवार परामर्श केंद्र से 7, थाना अचलगंज, दही व हसनगंज से 2-2, थाना आसीवन, अजगैन, औरास, बारासगवर व सदर कोतवाली से 1-1 जोड़ों को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में तबस्सुम नफीस, डा. मनीष सिंह सेंगर, सहयोगी शिवेंद्र सिंह, अंकित सिंह, पुलिस टीम से प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केंद्र निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, दरोगा मधु श्रीवास्तव, मिथिलेश कुमारी, महिला सिपाही अंजूला त्रिपाठी, मीनू, अंशू रानी, साधना यादव, मीनू, कीर्ति, पूजा यादव, ज्योती, पूजा शर्मा, लक्ष्मी सिंह, रूबी, दीपा सिंह, शिखा यादव, दुर्गेश सिंह, लक्ष्मी, शिखा का विशेष योगदान रहा।


विवादित जोड़े की काउंसिलिंग करते परामर्शदाता। अमृत विचार

- पुलिस लाइन व कोतवाली की महिला हेल्पडेस्क में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन

# केंद्र पर मिलेगी 60 रुपये किलो चना दाल

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** सरकार के मंशानुरूप ग्रामीणों को सस्ती दर पर दाल उपलब्ध कराने के लिये रविवार को एक विक्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों जरूरतमंदों ने दाल की खरीददारी की।

केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सस्ती दर पर दाल उपलब्ध कराने के लिये प्रयासरत है। इसी प्रयास के तहत क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग स्थित गांव बेरिया गाड़ा मोड़ पर रविवार को एक दुकान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर वितरक बांगरमऊ फिश प्रोड्यूसर कंपनी के अध्यक्ष कैलाश निषाद ने बताया कि राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ नई दिल्ली की तरफ से इस योजना का संचालन हो रहा है। इस दुकान से ग्रामीणों को 60 रुपए प्रति किलो की दर से चने की दाल मिल सकेगी। दुकान संचालक ने रविवार को क्षेत्र के चंद्रशेखर वर्मा, दीपक, सुशील व संजीव कुमार आदि उपभोक्ताओं को दाल उपलब्ध कराई गई।


केंद्र से दाल का पैकेट लेकर दिखाते लोग। अमृत विचार

# शतचंडी यज्ञ में सातवें दिन भक्तों ने पहुंच कर दी आहुतियां

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जंगलेश्वर मंदिर परिसर में नौ दिवसीय यज्ञ व प्रवचन के सातवें दिन यज्ञ देव का विधिविधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसमें आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने पहुंचकर यज्ञ में आहुतियां दीं। इस दौरान उन्होंने किसी भी प्रकार का राजनैतिक बयान देने से मना कर दिया। पूजन के बाद वे लखनऊ रवाना हो गए।

सफीपुर विधानसभा अंतर्गत औरास विकासखंड क्षेत्र के गांव बिस्वल में श्रीजंगलेश्वर धाम में नौ दिवसीय श्रीशतचंडी महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। 26 फ़रवरी से शुरू हुए यज्ञ का 5 मार्च को समापन होगा। 9 दिवसीय इस आयोजन के सातवें दिन श्रीयज्ञ भगवान का विधिविधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसमें श्री शतचंडी के नवारण मंत्रों दुर्गा सहस्त्र नामावली से श्री सूक्त, श्री पुरुष सूक्त और श्री रुद्र सूक्त के मंत्रों और अन्य मंत्रों से यज्ञ भगवान को आहुतियां दी गईं। श्री108 गिरीश दास जी महाराज ने बताया कि इस पृथ्वी पर पांच देव हर समय हमारे सामने होते हैं और इनकी कृपा भी हम पर रहती है। बताया कि सूर्य, चंद्र, गंगा, तुलसी के बाद यज्ञ भगवान का नाम आता है। इसमें आचार्य प्रदीप सिंह, केदारनाथ जी महाराज (भरसर, मुनीस आश्रम कानपुर), श्रीश्री108 महंत कुलदीप दास ब्रह्मचारी जी महाराज (पाली राजस्थान), पुरुषोत्तम दास जी, ठाकुर जी महाराज आश्रम (दिपवल), श्री भूपदास जी महाराज (रोशनाबाद) ने पूजन अर्चन कर यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला। यज्ञ में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने भी आहुतियां दीं। मुख्य संयोजक राष्ट्रीय किसान मंच के अध्यक्ष शेखर दीक्षित ने भी पूजन किया। इस दौरान आचार्य प्रेम शंकर जी, आचार्य वेद प्रकाश जी, आचार्य सौरभ जी, प्रदीप सिंह जी, दुर्गेश सिंह, मुन्ना तिवारी, पवन दुबे, विवेक सिंह, आशीष मिश्र, अखिलेश श्रीवास्तव प्रिंस, अजय द्विवेदी आदि मौजूद रहे।


यज्ञ में आहुतियां देते आचार्य व भक्त। अमृत विचार

- यज्ञ के सातवें दिन श्रीयज्ञ भगवान का विधिविधान से पूजन-अर्चन किया गया

**विकास का इंतजार** नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के कुशलीखेड़ा गांव को जाने वाला मार्ग है बेहद जर्जर

# 2000 लोग खड़ंजा तक के लिए मोहताज

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र में करीब दो हजार आबादी वाले गांव के लोगों को दशकों से पक्की सड़क तो दूर खडंजा तक नसीब नहीं हो सका है। गांव के लोग दलदल व कीचड़ युक्त सड़क से निकलने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से इस गंभीर समस्या से अवगत कराया। लेकिन, सुनवाई नहीं हुई। जिससे हालत आज भी दयनीय स्थिति में हैं।

नवाबगंज ब्लॉक क्षेत्र के कुशलीखेड़ा गांव की आबादी करीब 2000 है। गांव से एक किमी निकली मुख्य कच्ची सड़क जो अजगैन-मुंशीगंज मार्ग स्थित भौली चौराहे से जुड़ती है। आसपास के दर्जनों गांव के लिए यह सड़क सीधी होने से इस पर रातदिन आवागमन रहता है। इस कच्ची सड़क की हालत दशकों से दयनीय बनी हुई है। गांव निवासी विमल यादव, रामू, संजय, ओम प्रकाश, सुनील, शिव मंगल, राजकुमार आदि ने कहा कि अन्य मौसम में इस सड़क पर घुटने तक मिट्टी होती है जो पैदल चलने को भी दूभर करती है। कोई वाहन के गुजरने पर धूल गुबार बनकर उड़ती है। जो लोगों की सेहत के लिए भी नुकसानदायक है। अब बारिश होने से इस सड़क पर जलभराव व कीचड़ हो गया है। जगह-जगह गड्ढों में पानी जमा होने से निकलने में खतरा है। सड़क खराब होने से गांव के बच्चों को पढ़ाई करने के लिए आने-जाने में समस्या हाती है। हालात यह हैं कि गांव में अगर कोई बीमार होता है तो सड़क खराब होने से वाहन चालक मरीज को अन्य मार्ग से कई किमी के चक्कर लगाने के चलते कन्नी काटते नजर आते हैं। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से इस समस्या से अवगत कराया। लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई। हर बार सिर्फ अश्वासन मिला है। जिससे बदहाल कच्ची सड़क से निकलना लोगों की मजबूरी बन गई है। एडीओ पंचायत राजेश कुमार ने बताया कि जानकारी मिली है। इस सड़क को जल्द बनवाया जायेगा। ब्लाक कर्मचारी राकेश कुमार ने बताया कि इसका प्रस्ताव ग्राम प्रधान ने विधायक को लिखकर दिया है। 3 साल पहले ग्राम पंचायत की ओर से इस में मिट्टी डलवाई गई थी। जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत में भी डामरीकरण का प्रस्ताव पड़ा है। खड़ंजे के लिए भी प्रस्ताव भेजा गया है। जल्द ही इस रोड का कार्य शुरू कराया जाएगा।


गांव के बाहर रोड की यह है स्थिति। अमृत विचार

## पांच लाख न देने पर पत्नी को पीट कर घर से निकला, रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट आदर्श नगर में रहने वाली एक विवाहिता के ससुरालीजनों ने दहेज में पांच लाख रुपये की मांग की। न देने पर उसे मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़िता की मां ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आदर्श नगर निवासी रामदेवी ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसने पिपरी निवासी सूरज गौतम के साथ अपनी बेटी रंजीता की शादी की थी। शादी के बाद ससुरालीजन बेटी को परेशान करने लगे और देहज में पांच लाख रुपये लाने की बात कही। जिस पर उसने मना कर दिया। आरोप है कि दहेज न मिलने पर बेटी को मारा पीटा। जिसके बाद घर से निकाल दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति सूरज, सास माया देवी, ननद अचला, नैन्सी, देवर नीरज के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।



बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं प्रदेश मंत्री। अमृत विचार

# साक्षी महाराज के समर्थन में इस बार, पांच लाख के पार का नारा

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- बांगरमऊ में भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति व कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर नगर स्थित एक हाल में विधानसभा क्षेत्र की भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति व कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इसमें पार्टी की प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने कहा कि सभी कार्यकर्त्ता बूथ पर जाकर केंद्र द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगें। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी वर्तमान सांसद साक्षी महाराज को इस बार 5 लाख से अधिक वोटों से जीत दिलानी है। उन्होंने जनपद में अबकी बार 5 लाख के पार का नारा भी दिया। बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा, लोकसभा संयोजक भगवती रावत ने भी संबोधित किया। संचालन बांगरमऊ विधानसभा संयोजक व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता ने किया। इस दौरान विधानसभा प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा, महेश दीक्षित, मनीष जायसवाल, चेयरमैन रामजी गुप्ता, संदीप सिंह, गोविंद कुशवाहा, अरविंद सिंह, जगजीत राजपूत, अजय द्विवेदी, लोकसभा विस्तारक अमित सिंह व आदर्श शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# कुदरत के कहर से सरसों व आलू का बंटाधार

## तेज हवाएं चलने से खेतों में गेंहू की फसलें भी गिरी, तेज बारिश व ओले गिरने से सरसों की फसल बिखरी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** महंगाई के बाद अब किसानों को कुदरत की भी मार झेलनी पड़ रही है। शुक्रवार रात से शुरू हुई बारिश व तेज हवाएं चलने से वैसे ही किसानों की गेहूं व सरसों की फसल खराब होने लगी थी। वहीं, रविवार को हुई ओलावृष्टि ने अन्नदाताओं की कमर ही तोड़कर रखी दी। रविवार को तेज बारिश के साथ ओले गिरने से सरसों व गेहूं की फसल खेतों में ही टूटकर गिर गई। इसके साथ ही आलू की फसल को भी खासा नुकसान पहुंचा है। जिससे किसान चिंतित है।

शुक्लागंज। क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर कर्ण व सिकंदरपुर सरोसी के सैकड़ों किसानों ने अपने खेतों और बंटाई पर खेत लेकर सरसों की फसल बोई थी। जो इस समय पूरी तरह से तैयार है। किसान सरसों को काटने ही वाले थे कि कुदरत का कहर उन पर टूट गया। शुक्रवार देररात आंधी पानी से अधिकांश किसानों की सरसों की फसल खेतों में ही धराशाई हो गई। जिससे सरसों के किसानों को खासा नुकसान पहुंचा है। वहीं खेतों में गेहू की फसल तैयार हो रही है। अधिकांश खेतों में खड़ी गेंहू में बालियां निकल चुकी हैं। गेंहू की दाने बढ़ने लगे हैं। जिन किसानों ने हाल ही में खेतों में पानी लगाया था। ऐसे खेतों में बारिश के साथ तेज हवा चलने से फसल गिरकर चौपट हो गई है। इसके अलावा शंकरपुर, पिपरी के आस पास के किसानों ने आलू की फसल बोई थी। बेमौसम बारिश से आलू की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। किसान रामऔतार, मोतीलाल निषाद, राजेंद्र यादव, प्यारेलाल, राजाराम निषाद, ज्ञानू मिश्रा, अजय मिश्रा, मेवालाल, इकबाल सिंह, सनोज यादव ने बताया कि डीजल, खाद व बीज सब महंगे हैं। हजारों रुपये लगाकर फसल तैयार कर रहे थे, ऐसे में कुदरत के कहर से हम लोगों को परिवार चलाने की समस्या होगी।





खेतों में गिरी पड़ी सरसों की फसल, गंगाघाट क्षेत्र के कटहा गांव के खेत में गिरी पड़ी गेंहू की फसल। कानपुर-बालामऊ रेलमार्ग पर बने अंडर पास में भरा बारिश का पानी।

### बरसात व ओले गिरने से किसानों के माथे पर बल

**नवाबगंज।** बेमौसम हुई बरसात और ओले गिरने से किसानों के माथे पर बल है। उनके खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह डूब गयी हैं। प्रगकिशील किसान राजेश कुमार ने बताया कि इस पानी से किसान को फायदा कम नुकसान अधिक होगा। जो भी फसल खेत मे गिर गई है वह अब दोबारा खड़ी नहीं हो सकेगी। किसान इस बरसात से बेहाल हो गया है।

#### इन फसलों को भी पहुंचा नुकसान

सिकंदरपुर सरोसी व कर्ण के किसानों ने बताया कि खेतों में आलू व सरसों खड़ी है। अगर इसी प्रकार से अधिक बारिश होती रही तो आलू, सरसों के अलावा मटर, मसूर व चना को नुकसान पहुंचेगा।

### ओलावृष्टि से गेहूं की फसल में आई बालियां गिरीं

**पुरवा।** शनिवार रात तेज बारिश होने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आई बालियों में फूल टूटकर गिर गया है। केसरीखेड़ा के किसान रामविशुन लोधी ने बताया कि ओलावृष्टि व हवा चलने से दो बीघा में खड़ी उसकी पकी सरसों की फसल गिर गई है। वहीं एकघरा के किसान राजकुमार राजपूत ने कहा कि ओलावृष्टि व तेज हवा से उसकी तीन बीघा गेहूं की फसल गिर गयी। अगनुवा खेड़ा किसान सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि तेज हवा से गेहूं की फसल गिर गयी है। त्रिपुरारपुर के रमेश पटेल व छूलामऊ के अखिलेश बाजपेई ने कहा कि तेज पानी व हवा से गेहूं कि फसल गिर गई और उसका दाना हल्का हो गया है। राजकीय कृषि एवं बीज भंडार प्रभारी शिवकुमार ने बताया कि क्षेत्र में बारिश हुई है। जिन गावों में फसल गिरी है वहां का सर्वे कराया जाएगा। उन्होंने ओलावृष्टि होने से इंकार किया है।

# रोड पर शव रख कर किया हंगामा हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- एएसपी फोर्स के साथ पहुंचे, भीड़ को हटाने के लिए पटकी लाठी
- शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थिति में खेत में मिला था युवक का शव

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली पुलिस से हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए परिजनों ने शव रख जमकर हंगामा किया। सफीपुर-मियागंज मार्ग जाम करते हुए परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से पुलिस के विरोध में नारेबाजी भी की। एएसपी के समझाने के बाद भी अपनी मांग पर अड़े लोगों को पुलिस ने लाठी पटककर तितर-बितर किया। इसके बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो सका।

बता दें कि बीते शुक्रवार सफीपुर कोतवाली अंतर्गत अटवा मोहाल ओसियां गांव निवासी मनोज (30) पुत्र सूर्य पाल आसीवन थानाक्षेत्र के अलीगंज गांव निवासी अपनी बुआ की बेटी कोमल की शादी में गया था। शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे राहगीरों ने उसका शव अलीगंज से दो किमी दूर सफीपुर क्षेत्र के मवईलाल गांव के पास किशनू के सरसों के खेत में औंधे मुंह पड़ा देखा। उसकी बाइक भी पास ही पड़ी थी। परिजनों ने बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए बताया था कि तिलक चढ़ाने कन्या पक्ष के लोग बीती 25 फरवरी को फतेहपुर चौरासी के गांव ओसिया निवासी लल्लन के यहां आए थे। जहां मनोज के भाई संजू का मोबाइल चोरी हो गया था। इसे लेकर मनोज ने कुछ लोगों पर चोरी का आरोप लगाया था। जिस पर उसका विवाद भी हुआ था। आरोप था कि इसी बात को लेकर योजना बनाकर बेटे की हत्या कर शव खेत में फेंका गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था।

जिसमें उसके शरीर में कोई चोट नहीं मिली थी। पीएम में शराब मिलने के साथ ही ह्दयगति रुकने से मौत होने की बात सामने आई थी। हालांकि बिसरा भी सुरक्षित किया गया था। परिजन शव लेकर घर लौट आए और रविवार को ग्रामीणों के साथ शारदा नहर के पास शव रखकर जाम लगा कर हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस ने सड़क पर लाठी पटककर भीड़ को तितर-बितर किया। कुछ देर बाद सभी फिर एकत्र हुए और हरदोई-उन्नाव मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे एएसपी प्रेमचंद्र समेत अन्य अधिकारियों ने लोगों को समझाने प्रयास किया। किन्तु बात नहीं बनी तो आसीवन, माखी, फतेहपुर चौरासी व हसनगंज कोतवाली से फोर्स बुलाया गया। एसडीएम नवीनचंद्र, सीओ ॠषिकांत भी अक्रोशित लोगों को शांत करने के प्रयास में जुटे रहे लेकिन, लोग नहीं माने। इस पर पुलिस ने फिर भीड़ को खदेड़कर जाम खुलवाया। हालांकि सीओ ने लाठी पटकने की बात से इंकार किया है।



जाम लगाए लोगों शांत कराती पुलिस। अमृत विचार

### ब्लॉक लेकर बदले गये पुल के जर्जर स्लीपर

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाई स्पीड की ट्रेनें चलाई जानी है। उसी को लेकर पीडब्ल्यूआई रेल रूट की मरम्मत करने का काम पिछले कई दिनों से कर रहा है। रविवार शाम 45 मिनट का ब्लॉक लेकर रेल कर्मियों ने रेलवे पुल के डाउन लाइन के जर्जर स्लीपर बदलने का काम किया। पीडब्ल्यूआई ने रविवार शाम करीब 4:30 बजे से 5:15 के बीच 45 मिनट का ब्लॉक लिया। ब्लॉक मिलते ही रेल कर्मियों ने रेलवे गंगा पुल के डाउन लाइन के जर्जर स्लीपरों को हटाया। जिसके बाद उसके स्थान पर नये स्लीपर लगाने का काम किया। जर्जर स्लीपर बदलने के दौरान डाउन लाइन का रेल संचालन प्रभावित रहा। ब्लॉक समाप्त होने के बाद संचालन शुरू हो सका।

### सिग्नल न मिलने से रुकी आस्था एक्सप्रेस

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार सुबह लखनऊ से कानपुर जा रही आस्था स्पेशल को गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर सिग्नल नहीं मिला। जिस कारण पांच मिनट तक ट्रेन अप लाइन पर खड़ी रही। रविवार सुबह लगभग 9:03 बजे आस्था स्पेशल ट्रेन लखनऊ से चलकर गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर पहुंची। पांच मिनट तक सेंट्रल में ट्रैक खाली हुआ। जिसके बाद उसे सिग्नल दिया गया और 9:08 मिनट पर ट्रेन गंगाघाट से रवाना हुई।

### बाइकों की टक्कर में शिक्षक घायल

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आर्य नगर निवासी एक शिक्षक शनिवार देररात बाइक से घर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही अनियंत्रित बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर घायल हो गये। आर्य नगर निवासी डा. अनिल शुक्ला शनिवार रात अपने संस्थान से वापस घर जा रहे थे, जैसे ही वह मोहल्ले के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी।

## दुष्कर्म के बाद कराया गर्भपात, रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती को एक युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाये। गर्भवती होने पर आरोप है कि उसका गर्भपात करा दिया। जब उसने शादी की बात कही तो उसे मारा पीटा। जिस पर युवती ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि गांव के रहने वाले सचिन से उसका चार सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार संबंध बनाये। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। जिस पर आरोप है कि गर्भपात करा दिया।

# प्रत्याशी को जिताने के लिये भरी हुंकार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** समय-समय पर बदलाव प्रकृति का नियम है। इस समय संविधान बचाने का समय हैं। केन्द्र और प्रदेश सरकार सिर्फ जुमलेबाजी कर जनता को भ्रमित कर रही है। सपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी अन्नू टंडन को भारी मतों से जिताने का काम करें। जिससे पार्टी मजबूत हो सकेगी और संविधान भी बच सकेगा।

यह बात रविवार को राजधानी मार्ग स्थित रश्मिलोक में मुलायम सिंह यूथ बिर्गेड जिलाध्यक्ष अंकित यादव के आवास पर सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी में किसी भी प्रकार की गुटबाजी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। हमारी आस्था समाजवादी पार्टी से है। हम पूरी ताकत के साथ खड़े है। इसके साथ आगामी लोग सभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस दौरान यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष अंकित यादव, रामबहादुर सिंह, हेमंत पाल, साधू यादव, हाजी सैय्यद इरफान आदि ने भी संबोधित किया। जिसके बाद नये पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान हेमंत पाल, साधु यादव, रामबहादुर यादव, मिंटू निषाद, सैय्यद इरफान, सरवर हुसैन, विक्रम सिंह भदौरिया, मो. शहजादे, पंकज यादव, अरविंद यादव, अवधेश के अलावा तमाम सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सपा कार्यकर्ता बैठक में सपा जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### स्वास्थ्य मेले में बुखार और पेट दर्द पीड़ितों की संख्या रही अधिक

**उन्नाव।** जिले की सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में रविवार को आयोजित स्वास्थ्य मेले में बार-बार हो रहे मौसम का असर दिखाई पड़ा। मेले में बड़ी संख्या में बुखवार व पेट दर्द के मरीजों का मौजूद डाक्टरों ने जांच के बाद इलाज किया। जिले की सभी 42 पीएचसी में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले डाक्टर और मेडिकल स्टाफ ने पहुंचे मरीजों की जांच के बाद उन्हें दवा दी। बारिश के बावजूद 1676 विभिन्न रोगों से ग्रसित मरीजों का इलाज किया गया। मौसम के बदलाव के कारण सबसे अधिक पेट संबंधी 157 मरीजों का इलाज किया गया। इसके अतिरिक्त बुखार पीड़ित 92 लोगों को डाक्टर ने जांच के बाद जरूरी औषधि और इससे बचाव की सलाह दी। इसके अलावा लिवर संबंधी 30, सांस लेने में दिक्कत के 72 मरीजों का इलाज किया गया। सीएमओ डा. सत्य प्रकाश ने बताया कि लक्षण मिलने पर छह मरीजों की मलेरिया की जांच हुई। इनमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव रही।

### युवा अधिकार मंच के अध्यक्ष ने जानी युवाओं के मन की बात

**उन्नाव।** राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर ने कहा कि वह लगातार छात्रों, नौजवानों, बेरोज़गारों व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की आवाज पूरे प्रदेश में उठाते आ रहे हैं। इस दौरान वे उन्नाव जिले के युवाओं को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। बताया कि उन्होंने जिले के मोहान, बांगरमऊ, सफ़ीपुर, पुरवा व सदर विधानसभा क्षेत्र के मोहान, हसनगंज, मियांगंज, हैदराबाद, औरास, हफ़ीजाबाद चौराहा, फतेहपुर चौरासी, काली मिट्टी, हुलासी कुआं, सफ़ीपुर, बड़ादेव, जमालुद्दीनपुर, चकलवंशी, रऊ, दोस्तीनगर, हनुमान मंदिर तिराहा, हरदोई पुल, अजगैन, नवाबगंज आदि स्थानों पर ज़न संवाद व जनसंपर्क कार्यक्रम किये हैं। उन्होंने कहा कि उन्नाव कलम, क्रांति की धरती होने के साथ देवभूमि रही है। कहा कि उनका मकसद है कि युवाओं को एक मंच पर एकजुट कर उनकी भूमिका व भागीदारी सुनिश्चित कर उनके अधिकार व सरंक्षण दिलाना और उन्हें अन्याय, शोषण व उत्पीड़न से मुक्त कराना है।



युवाओं के साथ मौजूद शशांक शेखर।

### विजली पोल के नीचे दब जाने से बच्चे की मौत

**उन्नाव।** बारासगवर थाना अंतर्गत तेज हवा चलने से गिरे विद्युत पोल के नीचे दबकर घर के बाहर खेल रहा छह वर्षीय बच्चा घायल हो गया। परिजन उसे जिला अस्पताल ला रहे थे लेकिन उसने दम तोड़ दिया। बारासगवर क्षेत्र के चिलौली गांव निवासी शिवगोपाल यादव का छह वर्षीय बेटा रौनक अपनी मां शालू के साथ मामा संतोष निवासी नंदुलन खेड़ा बारासगवर के यहां एक माह से था। रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह घर के बाहर खेल रहा था। तभी तेज हवा के झोंके से पेड़ की डाल टूटकर विद्युत तार पर गिरी और इसके बाद विद्युत पोल टूटकर नीचे गिर गया। इसकी चपेट में आकर बच्चा दब गया। आनन-फानन में पड़ोसियों ने पोल हटाकर उसे निकाला। परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले जा रहे थे तभी रास्ते में ही बच्चे की मौत हो गई। एसओ अखिलेश तिवारी ने बताया कि अभी कोई सूचना नहीं मिली है, परिजनों की सूचना के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# ध्वजा लहराते निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** श्री खाटू श्याम जी के फागुन उत्सव में गोपीनाथपुरम स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से 551 ध्वजों के साथ निशान यात्रा निकली। शोभायात्रा में श्याम प्रेमी भक्तिरस में डूबकर थिरकते हुये श्री नगर स्थित श्याम मंदिर पहुंचे। इस दौरान फोरलेन और पोनी रोड पर जगह-जगह शोभायात्रा पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की गई।

राधा कृष्ण मंदिर में निशान ध्वज की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। बाबा श्याम रथ पर सवार होकर डीजे व ढोल की थाप के साथ निशान यात्रा शुरू हुई। श्याम प्रेमियों ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा राजधानी मार्ग से पानी रोड होते हुआ श्रीनगर श्याम मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में श्याम भक्त श्याम नाम की पताका लिए व 551 ध्वज श्याम भक्त निशान लहराते हुए निकले। जिससे पूरा क्षेत्र फाल्गुन महोत्सव पर्व पर केसरिया रंग में रंग गया। समिति के अध्यक्ष गौरव सिंह और शोभित सिंह ने बताया कि फागुन का माह बाबा श्याम को अति प्रिय है। इसीलिए फाल्गुन उत्सव के तहत तमाम श्याम प्रेमी एकजुट होकर निशान यात्रा निकलते है। निशान यात्रा के दौरान भजन गायक हर्ष गौड़, सुनील स्नेही, राजू कुलकर्णी, विशाल गौशिक, अनुज अलबेला, अनुज श्रीवास्तव ने बाबा के भजन गाये। श्री नगर स्थित श्री श्याम मंदिर में पूजा अर्चना के बाद निशान यात्रा का समापन हुआ। संजय सिंह, दुर्गेश सिंह, अंकुर महेश्वरी, अरुण गुप्ता, हरिओम गुप्ता, ॠषभ यादव, हर्ष वर्मा, आयुष सक्सेना, हिमांशु गुप्ता, मयंक शर्मा, अनिकेत, गोविंद गुप्ता, पृथ्वी गुप्ता आदि मौजूद रहे।



श्री खाटू श्याम निशान यात्रा में झूमते जाते श्याम प्रेमी। अमृत विचार

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 68 मरीजों का हुआ परीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। जहां नगर व आसपास से मरीज पहुंचे। मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दीं।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डा. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 68 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित कुशवाहा, अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेई, अंजलि बाजपेई, अखिलेश समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

त्योहार की तैयारी

सौहार्द के साथ त्योहार मनाने को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठकें, मौजूद रहे एडीएम और एएसपी

# शिवरात्रि, होली पर किसी नई परंपरा की इजाजत नहीं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शिवरात्रि और होली के त्योहार को लेकर थाना-कोतवालियों में सभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मानने की अपील की। साथ ही सभी से किसी नई परंपरा की शुरुआत नहीं करने को भी कहा।

एडीएम नरेंद्र सिंह व एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने विभिन्न धर्मों से जुड़े लोगों के साथ सदर कोतवाली परिसर में रविवार को बैठक की। जिसमें शिवरात्रि सहित होली के त्योहार को लेकर चर्चा हुई। एडीएम व एएसपी ने साफ किया किसी भी नई परंपरा की शुरुआत करने की किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी। शिव शोभायात्रा को लेकर बताया कि इस दौरान प्रयाप्त फोर्स मौजूद रहेगा। साथ ही गड़बड़ी करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी।

बीघापुर में एसडीएम व सीओ ने ग्राम प्रधानों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। एसडीएम क्षितिज कुमार द्विवेदी द्वारा होलिका दहन के विवादित स्थलों की जानकारी मांगे जाने पर ग्राम परसंडा के प्रधान प्रतिनिधि श्रीराम ने बताया कि महाराजपुर में होली दहन स्थल को लेकर विवाद होता है।

भगवंतनगर कस्बा के वार्ड-आठ में होली व संत रविदास मंदिर स्थल को लेकर हो रहे विवाद पर एसडीएम व सीओ ने त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने व पूर्ववत स्थिति को बनाए रखने की बात कही। उन्होंने गड़बड़ी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की चेतावनी दी। अधिकारियों ने होली पर कीचड़ व अन्य केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग के बजाय केमिकल रहित रंगों के प्रयोग करने का सुझाव दिया। महाशिवरात्रि पर बक्सर व फतेहपुर से लखनऊ बाराबंकी होकर लोधेश्वर महादेव मंदिर जाने वाले कावड़ियों की सुविधा के लिए सीओ माया राय ने पुलिस को सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में सुंदरलाल बाजपेई, श्याम मनोहर मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसी तरह अन्य थाना कोतवाली में भी बैठक हुई।



सदर कोतवाली में पीस कमेटी के सदस्यों के साथ मीटिंग करते एडीएम और एएसपी। अमृत विचार

# वर्षों से जलभराव झेल रहे कृष्णा नगर के वासी, जिम्मेदार बेखबर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** फोरलेन का नाला बनने के बाद से लेकर अभी तक कृष्णा नगर में रहने वाले लोगों को जलभराव से निजात नहीं मिल पा रही है। जरा सी बारिश होने पर गली में तालाब जैसी स्थिति बन जाती है। जिससे क्षेत्र के रहने वाले लोग खासे परेशान हो गये हैं। जलभराव को लेकर क्षेत्रीय लोगों का कभी भी पालिका प्रशासन के खिलाफ गुस्सा फूट सकता है।

नगर पालिका क्षेत्र के कंचन नगर, सर्वोदय नगर और कृष्णा नगर आदि मोहल्लों में हर मौसम में जलभराव की स्थिति बनी रहती है। घरों के आस पास कई वर्षों से जलजमाव रहने के कारण पानी बदबूदार हो गया है। हवा चलने पर घरों में दुर्गंध जाने से जीना मोहाल हो गया है। शुक्रवार से रविवार के बीच हुई बारिश के कारण गली में भीषण जलभराव हो गया है। जिससे क्षेत्रीय लोग घर में कैद हो गये हैं। क्षेत्र के रहने वाले श्री रामकृष्ण मिश्रा, रमेश कश्यप, संजय वर्मा, पंकज वर्मा, रामसनेही वर्मा, बर्फीलाल कनौजिया, दीपक, अशोक के अलावा अन्य लोगों ने बताया कि कई बार पालिका प्रशासन को अवगत कराया लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिस कारण हम लोगों को नारकीय जीवन जीना पड़ रहा है। वहीं पालिकाध्यक्ष और क्षेत्रीय सभासद को भी इसकी जानकारी दी गई है। जिस पर उन्होंने बताया कि जलनिकासी का टेंडर हो चुका है। जल्द ही जल निकासी को लेकर काम कराया जायेगा।



कृष्णा नगर गली में इस तरह जलभराव से निकलता बच्चा। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

फोरलेन का नाला ऊंचा है, इसके लिये पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा गया है। वहीं अमृत योजना से कुछ नाले बनने वाले हैं। जल्द ही कृष्णा नगर और सर्वोदय नगर की जल निकासी का हल निकलेगा।

–कौमुदी पांडे, चेयरमैन–नगर पालिका गंगाघाट।

